आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 03 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-05 ■ वर्ष -42 ■ अंक-155 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर 'डिनर डिप्लोमेसी'

**राज्यों के सीएम और मंत्रियों के साथ बनाई रणनीति**

**नईदिल्ली,3 सितंबर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार रात्रि भोज का आयोजन किया. इसमें अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री साथ ही अलग-अलग राज्यों से जल संसाधन मंत्री भी पहुंचे थे. भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भाजपा के जल मंथन – विकसित भारत जल शक्ति कार्यशाला को भी संबोधित किया. इस बैठक में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी पहुंचे.



जल संसाधन मंत्रियों के साथ जलमंथन किया. इस रात्रिभोज में कई राज्यों के मुख्यमंत्री, जल शक्ति मंत्री, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी शामिल हुए.

नितिन नवीन की इस बैठक को डिनर डिप्लोमेसी टेक्निक माना जा रहा है. इस बैठक के लिए उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, हरियाणा की जलशक्ति मंत्री श्रुति चौधरी, राजस्थान के मंत्री सुरेश रावत, यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे थे. भाजपा नेता विनय सहस्त्रबुद्धे को भी इस रात्रिभोज में शामिल होने के लिए निमंत्रण था. पश्चिम बंगाल के मंत्री निशीध प्रमाणिक ने बैठक के बाद कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आवास पर सभी मंत्रियों के लिए डिनर का निमंत्रण था. इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हमें मार्गदर्शन दिया.नितिन नबीन की इस डिनर डिप्लोमेसी आगामी चुनावों के लिए विचार-विमर्श को लेकर नेताओं को साधने का प्रयास भी माना जा रहा है. हालांकि, पश्चिम बंगाल के मंत्री निशीध प्रमाणिक ने आगे बताया कि आवास पर सभी मंत्रियों के लिए डिनर के लिए निमंत्रण के अलावे हमें मार्गदर्शन दिया कि हमें पानी को अपनी जीवन में एक मिशन कैसे बनाना चाहिए. जल संसाधनों को कितना महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए. भविष्य में हमें इस दिशा में कैसे काम करना चाहिए. चूंकि इस समय सभी राज्यों के जल शक्ति मंत्री और प्रमुख नेता पहले से ही जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय सम्मेलन के लिए दिल्ली में मौजूद हैं, तो ऐसे समय में डिनर डिप्लोमैसी साधने की कोशिश का मतलब सिर्फ आगामी चुनावों को लेकर मंथन ही समझा जा सकता है.

### घर में छाप रहे थे 500-200 के नकली नोट, तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद,3सितंबर।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पुलिस ने घर में नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जोमैटो डिलीवरी कर्मी, रैपिडो चालक और ऑटो चालक शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 1,124 नकली नोट बरामद किए हैं, जिनकी कीमत 2 लाख 91 हजार 100 रुपए बताई गई है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है।पुलिस के अनुसार आरोपियों ने नकली नोट बनाने का तरीका किसी बड़े गिरोह से नहीं, बल्कि यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर वीडियो देखकर सीखा था। इसके बाद घर में प्रिंटर, स्कैनर और अन्य सामान जुटाकर नकली नोट तैयार किए जा रहे थे। आरोपियों की पहचान रामावत रामू उर्फ मोहम्मद (36), रामावत मोतीलाल (35) और रामावत गांधी (19) के रूप में हुई है।छापेमारी में पुलिस ने रंगीन प्रिंटर, स्कैनर, लैमिनेटर, पेपर कटर, कागज के बंडल, वॉटरमार्क पेपर और अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी नकली नोटों को असली जैसा दिखाने के लिए वॉटरमार्क और गांधीजी की तस्वीर सहित सुरक्षा चिह्नों की नकल करने का प्रयास करते थे।जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी रात के समय शराब दुकानों और सब्जी बाजारों में छोटी मात्रा में नकली नोट चलाने की कोशिश करते थे। पुलिस ने तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फरार सहयोगी की तलाश के साथ पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इनके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं है।

### बोड़ला के 3 ब्लैक स्पॉट पर 5 गोवंशों की मौत

**बोड़ल,3 सितंबर।** रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर गोवंशों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों की एक बार फिर पोल खुल गई। बोड़ला क्षेत्र के तीन चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात कई गोवंश हादसों का शिकार हो गए। हादसों में पांच गोवंशों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो घायल मिले। वहीं टोल प्लाजा के पास एक गाय का शव तीन टुकड़ों में मिला।

गंभीर बात यह है कि बीते सप्ताह गोवंशों की मौत के बाद तत्कालीन कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद ब्लैक स्पॉट पर कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आई। लगातार हो रही मौतों से नाराज गौसेवकों ने बुधवार सुबह बांधाटोला स्थित शनि मंदिर के पास नेशनल हाईवे-30 पर चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा और हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। एसडीएम के 24 घंटे में व्यवस्था सुधारने के आश्वासन के बाद जाम समाप्त किया गया। पिछले सप्ताह बोड़ला क्षेत्र में 10 गोवंशों की मौत के बाद गौसेवकों ने प्रशासन के सामने हाईवे पर मवेशियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। उस समय हाईवे पर मवेशियों की आवाजाही रोकने और पेट्रोलिंग बढ़ाने की बात कही गई थी। लेकिन सप्ताहभर बाद ही फिर वही स्थिति सामने आ गई।

## नियुक्ति तिथि से तय होगी न्यायिक अधिकारियों की वरिष्ठता

**बिलासपुर,3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों की वरिष्ठता को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी न्यायिक अधिकारी की वरिष्ठता भर्ती का विज्ञापन जारी होने की तारीख से नहीं, बल्कि सेवा में वास्तविक नियुक्ति की तारीख से निर्धारित होगी। कोर्ट ने वरिष्ठता सूची को त्रुटिपूर्ण मानते हुए उसे संशोधित करने का निर्देश हाई कोर्ट प्रशासन को दिया है।मामला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन की याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता की नियुक्ति 26 जून 2014 को हुई थी, जबकि निजी प्रतिवादियों की नियुक्ति 30 अक्टूबर 2014 को की गई। इसके बावजूद वरिष्ठता सूची में बाद में नियुक्त अधिकारियों को उनसे ऊपर रखा गया था।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित शर्मा ने तर्क दिया कि 2006 के नियमों के अनुसार आपसी वरिष्ठता नियुक्ति की तारीख और योग्यता सूची में स्थान के आधार पर तय होनी चाहिए। इसलिए याचिकाकर्ता को बाद में नियुक्त अधिकारियों से वरिष्ठ माना जाना चाहिए।हाई कोर्ट प्रशासन की ओर से दलील दी गई कि संबंधित अधिकारियों का भर्ती विज्ञापन पहले जारी हुआ था और प्रशासनिक कारणों से नियुक्ति में देरी हुई। कोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया।कोर्ट ने वरिष्ठता निर्धारण में विज्ञापन की तारीख के बजाय वास्तविक नियुक्ति तिथि को आधार मानते हुए ग्रेडेशन सूची में आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए हैं।


## गढ़चिरौली से बस्तर लौटे 50 पूर्व माओवादी

जगदलपुर,3 सितंबर। कभी घने जंगलों में AK-47 जैसे आधुनिक हथियारों के साथ घूमने वाले, कभी एक-दूसरे के लिए जान लेने और जान देने को तैयार रहने वाले माओवादी, आज जब एक-दूसरे से बिछड़े, तो आंखों से आंसू नहीं रुके। तस्वीर ऐसी थी जिसे देखकर शायद कोई भी ठिठक जाए जो लोग कभी बंदूक के साए में जिंदगी जीते थे, आज सामान्य जिंदगी की ओर लौटते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर रोते नजर आए। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास का सिलसिला अब अगले चरण में पहुंच गया है। पिछले साल पूर्व माओवादी नेता वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया था। सुरक्षा कारणों से इन्हें गढ़चिरौली के पुलिस पुनर्वास केंद्र में रखा गया। यहां उनकी जिंदगी की दिशा बदलने की कोशिश की गई किसी को स्किल ट्रेनिंग दी गई, कई पूर्व माओवादियों के रिवर्स नसबंदी ऑपरेशन कराए गए और कुछ माओवादी जोड़ों ने नई जिंदगी की शुरुआत शादी के साथ की। अब उसी पुनर्वास प्रक्रिया के तहत इन्हें धीरे-धीरे उनके मूल गांव और जिलों में वापस भेजा जा रहा है। पहले चरण में 50 पूर्व माओवादियों को गढ़चिरौली से बस्तर के अलग-अलग जिलों में उनके गृहग्राम के लिए रवाना किया गया। लेकिन विदाई के वक्त जो तस्वीर सामने आई, उसने पूरी कहानी का दूसरा चेहरा दिखा दिया। कभी जंगलों में हथियारों के साथ साथ चलने वाले ये लोग, अब एक-दूसरे से बिछड़ने के दर्द में गले मिलकर रो रहे थे। हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया पर पूर्व माओवादी नेता जिनुगु नरसिम्हा रेड्डी उर्फ जम्पन्ना ने सवाल भी खड़े किए हैं। प्रेस नोट जारी कर जम्पन्ना ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को लंबे समय तक पुनर्वास केंद्र में पुलिस निगरानी में रखने के बजाय, आत्मसमर्पण के बाद जल्द से जल्द उनके घर भेजा जाना चाहिए, ताकि वे सामान्य जिंदगी में वापस लौट सकें। कुल मिलाकर जंगल से शुरू हुआ सफर अब गांव की ओर लौट रहा है फर्क सिर्फ इतना है कि कभी इन हाथों में हथियार हुआ करते थे, लेकिन आज वही हाथ विदाई के वक्त एक-दूसरे को कसकर पकड़कर यह कह रहे थे, अब जिंदगी की लड़ाई बंदूक से नहीं, सामान्य जिंदगी जीकर लड़नी है।

## निजी टू-व्हीलर मालिकों को बाइक टैक्सी चलाने की अनुमति

**नितिन गडकरी ने किया ऐलान; राज्य सरकारों से की परमिट देने की अपील**

**नई दिल्ली,3 सितंबर।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि निजी टू-व्हीलर मालिकों को Bike Taxi चलाने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकारों से भी ऐसी सेवाओं को परमिट देने की अपील की है। देश में रोजगार के नए अवसर पैदा करने और आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि निजी दोपहिया वाहन मालिकों को बाइक टैक्सी चलाने की अनुमति दी जा सकती है। उन्होंने राज्य सरकारों से अपने-अपने राज्यों में ऐसी सेवाओं को मंजूरी देने की अपील की है।



नितिन गडकरी ने कहा कि निजी दोपहिया वाहन मालिकों को यात्रियों को बाइक टैक्सी के जरिए ले जाने की अनुमति दी गई है, लेकिन कुछ राज्य अभी ऐसी सेवाओं को अनुमति नहीं दे रहे हैं। उन्होंने राज्यों से इस दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। गडकरी के मुताबिक, परिवहन राज्य का विषय है, इसलिए बाइक टैक्सी को लागू करने का फैसला राज्यों को करना होगा। उन्होंने कहा कि इससे खासकर ग्रामीण इलाकों में लोगों के लिए कमाई का नया जरिया तैयार हो सकता है। गडकरी ने दावा किया कि बाइक टैक्सी सेवाओं को बढ़ावा मिलने से करीब 8 करोड़ लोगों के लिए आजीविका के अवसर पैदा हो सकते हैं। खासकर उन सेक्टर्स में इसका फायदा मिल सकता है जहां रोजगार के ऑप्शन कम हैं। हालांकि, बाइक टैक्सी के लिए किस तरह के परमिट, बीमा और अन्य नियम लागू होंगे, यह संबंधित राज्य के नियमों पर निर्भर करेगा। इसलिए सिर्फ मंत्री के बयान के आधार पर हर राज्य में निजी बाइक से तुरंत बाइक टैक्सी चलाने की अनुमति मान लेना सही नहीं होगा।

गडकरी ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि सरकार मोटर व्हीकल्स एक्ट में बदलाव की तैयारी कर रही है। इसके तहत बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले ड्राइवरों के लिए नेगेटिव पॉइंट सिस्टम लाया जा सकता है। इस व्यवस्था में हर उल्लंघन पर नेगेटिव अंक दिए जाएंगे। एक तय सीमा तक अंक जमा होने पर ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित या रद्द भी किया जा सकता है।

### वाराणसी से दिल्ली जा रहे विमान में धुएं का अलार्म बजा, लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ,3 सितंबर।** वाराणसी से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स-1253) की गुरुवार सुबह लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सूत्रों के मुताबिक, उड़ान के दौरान विमान के कार्गो में स्मोक डिटेक्शन का अलार्म बजने लगा। इसके बाद पायलट ने तत्काल लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क किया और अनुमति मिलने के बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक विमान ने गुरुवार सुबह करीब 8 बजे वाराणसी एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान के कुछ देर बाद कार्गो में धुएं का अलार्म बजने की सूचना मिली। स्थिति को देखते हुए पायलट ने एहतियातन विमान को लखनऊ डायवर्ट किया। सुबह करीब 8:52 बजे विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान के उतरते ही एयरपोर्ट की रिस्पॉन्स टीम सक्रिय हो गई। फायर ब्रिगेड और तकनीकी विशेषज्ञों को मौके पर बुलाया गया।



### भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने की किरण सिंह देव से मुलाकात

**नई दिल्ली,3 सितंबर।** हादसे में घायल छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का दिल्ली में इलाज जारी है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कुशलक्षेम जाना और डॉक्टरों से उनके इलाज के संबंध में जानकारी ली। मुलाकात के बाद किरण सिंह देव ने सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का आभार जताया।

## टीएमसी दफ्तर में भारी तोड़फोड़, अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर लगाया आरोप

कोलकाता,3 सितंबर। कोलकाता में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के कैमक स्ट्रीट स्थित पार्टी कार्यालय पर तड़के हमला हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाते हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि कैमक स्ट्रीट स्थित टीएमसी ऑफिस में हमला, तोड़फोड़ और मारपीट की गई। टीएमसी सांसद ने कहा कि यह हमला गुरुवार सुबह करीब 4:30 बजे हुआ। अभिषेक बनर्जी ने पुलिस के इस मामले में कार्रवाई नहीं करने पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पश्चिम बंगाल में कानून का राज बनाए रखने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट गंभीरता से ध्यान दे। टीएमसी सांसद ने दफ्तर पर हमले का सीसीटीवी फुटेज भी शेयर किया है और आरोप लगाया है कि इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ भी मारपीट की गई।




टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया है कि गुरुवार सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैमक स्ट्रीट स्थित उनके पार्टी ऑफिस पर हमला किया और तोड़फोड़ की।

## खड़गे ने नड्डा को याद दिलाई हल्द्वानी की घटना



**शुद्धीकरण पर FIR दर्ज करने को कहा**

**नई दिल्ली,3 सितंबर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जेपी नड्डा को पत्र लिखकर हल्द्वानी रैली स्थल के 'शुद्धीकरण' के खिलाफ FIR दर्ज कराने की मांग की है। खड़गे ने इस कृत्य को छुआछूत और जातिवादी हरकत बताते हुए संविधान और मानवीय मूल्यों के विरुद्ध बताया, साथ ही नड्डा के पूर्व आश्वासन की याद भी दिलाई। यह मुद्दा लाखों लोगों की भावनाओं से जुड़ा है जो रोज ऐसी कड़वी सच्चाई का सामना करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को निर्देश दें कि वे उन लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराएं जो पिछले महीने हल्द्वानी में खड़गे की रैली वाली जगह को कथित तौर पर शुद्ध करने में शामिल थे। खड़गे ने 2 सितंबर को लिखे पत्र में नड्डा को राज्यसभा में दिए गए उनके उस आश्वासन की याद दिलाई, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस घटना की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। खड़गे ने हिंदी में लिखे अपने पत्र में कहा कि आपको याद होगा कि 13 अगस्त 2026 को राज्यसभा में, मैंने बहुत दुख और पीड़ा के साथ, 8 अगस्त 2026 को हल्द्वानी में हुई अपनी जनसभा के बाद छुआछूत से जुड़ी 'शुद्धिकरण' की घटना का मुद्दा उठाया था। खड़गे ने कहा कि मेरी बात के जवाब में आप सदन में खड़े हुए और कहा, 'महोदय, माननीय खड़गे जी ने जो कहा है, वह सचमुच बहुत दुखद विषय है। यह न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए दुखद है, बल्कि हम सभी के लिए दुखद है। जो कुछ भी हुआ है, उसकी निश्चित रूप से जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी किसी भी गतिविधि का समर्थन नहीं करती है। मैं इसकी निंदा करता हूं और राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इसकी पूरी जांच करेंगे। आपकी भावनाओं को जो ठेस पहुंची है, वह हम सभी के लिए खेद का विषय है। उन्होंने कहा कि नड्डा ने सदन को यह भी भरोसा दिलाया था कि जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के माननीय सभापति (सी.पी. राधाकृष्णन) ने भी इस घटना पर दुख जताया।

## पाकिस्तान को धूल चटाने वाले 'अभिनंदन' ने इंडियन एयरफोर्स छोड़ी


नईदिल्ली,3 सितंबर। भारतीय वायुसेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन और वीर चक्र विजेता



अभिनंदन वर्धमान ने इंडियन एयरफोर्स छोड़ दी है। अभिनंदन वर्धमान रिटायरमेंट लेकर प्राइवेट एयरलाइन जॉइन कर ली है। भारतीय वायुसेना के पूर्व ग्रुप कैप्टन अब गोवा की क्षेत्रीय एयरलाइन फ्लाई91 में पायलट के तौर पर काम करेंगे। मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक अभिनंदन अगस्त में प्राइवेट एयरलाइन FLY91 से जुड़ गए हैं। यहां वे कॉमर्शियल यात्री विमान के पायलट होंगे। करीब दो दशक एयरफोर्स में सेवा देने के बाद यह उनके करियर की नई पारी है। फिलहाल फ्लाई91 के प्रवक्ता ने इस बारे में कोई ऑफिशियल नहीं की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की प्राइवेट जानकारी व्यक्तिगत मामला है। एयरलाइन में उनकी भूमिका के बारे में और ज्यादा जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। फ्लाई91 ने मार्च 2024 में उड़ानें शुरू की थीं। फिलहाल, उसके पास 6 एटीआर 72-600 विमान हैं. इसके मुख्य केंद्र गोवा और हैदराबाद में हैं। बता दें कि वीर चक्र विजेता अभिनंदन वर्धमान 2019 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के बाद चर्चा में आए थे।

# चार माह में तैयार विद्युत उपकेंद्र का सांसद विजय बघेल ने किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के बेमेतरा संभाग अंतर्गत ग्राम सहसपुर में नवनिर्मित विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण सांसद विजय बघेल ने किया। करीब 2 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस उपकेंद्र से सहसपुर सहित लुक, नवकेसा, लालपुर, बुंदेली, रुसे, पेंड्रावन, गाड़ाडीह एवं गोदमर्रा गांवों के हजारों उपभोक्ताओं और किसानों को लाभ मिलेगा। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता की सराहना करते हुए कहा कि भूमिपूजन से लोकार्पण तक का काम मात्र चार माह में पूरा होना विभाग की तत्परता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेती और सब्जी उत्पादन के लिए बड़ी संख्या में बोरवेल होने से बिजली की मांग लगातार बढ़ रही थी। नए उपकेंद्र से किसानों को गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलेगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता साजा विधायक ईश्वर साहू ने की। उन्होंने कहा कि सहसपुर में विद्युत उपकेंद्र क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जो अब पूरी हुई है। इस अवसर पर तेलघानी बोर्ड आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ए.डी. टंडन एवं एम.के. शुक्ला, सहायक अभियंता जी.पी. बंजारे एवं बी.के. कोशले सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 6 को

**भिलाई, 3 सितम्बर ।** ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 6 सितंबर को स्मृति नगर स्थित प्रांतीय कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन शाम 4 बजे से किया गया है। प्रांतीय संगठन महामंत्री नितिन शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान समाज के दुर्ग जिला अध्यक्ष मनु शर्मा के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। शासकीय सेवा से निवृत्त होने के बाद समाज को अधिक समय देने के लिए मनु शर्मा का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में समाज की विभिन्न गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। प्रांतीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सम्माननीय समाजबंधुओं से बैठक में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

# सेलुद में नवोदय प्रवेश परीक्षा कोचिंग का हुआ शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,3 सितंबर।** ग्रामीण अंचल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जन्मभूमि कर्मचारी सेवा समिति, सेलुद के तत्वावधान में विशेष निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ आज गुरुवार, 3 सितंबर 2026 को प्रातः 8ः00 बजे शासकीय प्राथमिक शाला, सेलुद के परिसर में किया गया।

शिक्षा दीप जलाने को, हम सब मिलकर आएं, नवोदय प्रवेश परीक्षा के, स्वर्णिम सपने सजाएं के पावन संकल्प के साथ आयोजित इस शुभारंभ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आगामी प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण देकर उत्कृष्ट अंकों के साथ उनकी सफलता सुनिश्चित करना है। समिति का यह प्रयास ग्रामीण बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान दानेश्वर वर्मा, संतोष वर्मा, बलराम वर्मा, अनिल बनपेला एवं शिक्षिका मालती कामडे सहित समिति के अन्य सम्मानित सदस्य और प्रबुद्धजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि ज्ञान के इस पावन पथ पर बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर सहयोग करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन कर सकें।

## एक नजर

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 4 सितम्बर (तछसं.) ।** भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि बताया कि थाना भिलाई नगर में प्रार्थी ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत प्रस्तुत करने पर धारा 318(4) बीएनएस एवं धारा 66 डीआईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार कुल 05 आरोपियों के मेमोरेंडम कथनों तथा प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रमेश सुथार (25 साल ) निवासी ग्राम बना थाना खेरवा तहसील वल्लभनगर जिला उदयपुर राजस्थान की प्रकरण में संलिप्तता सामने आई आरोपी अन्य आरोपियों के साथ मिलकर प्रार्थी से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर प्राप्त राशि को म्यूल बैंक खातों से आहरित कर उपयोग किए जाने के संबंध में साक्ष्य प्राप्त हुए आरोपी की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित कर राजस्थान में संभावित ठिकान पर तलाश की गई पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

### पुलिस ने 247 वारंट तामील किए



**भिलाई, 4 सितम्बर (तछसं.) ।** दुर्ग पुलिस द्वारा लंबित न्यायालयीन वारंटों की तामिली के लिए विशेष अभियान चलाया गया अभियान के दौरान एसीसीयू व सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में वारंटियों की पतासाजी एवं तामिली के लिए कार्रवाई की पुलिस टीमों द्वारा उपलब्ध न्यायालयीन अभिलेखों में दर्ज जानकारी का परीक्षण कर वारंटियों के संभावित निवास एवं ठिकानों की पहचान की। स्थानीय सूचना तंत्र से प्राप्त जानकारी के आधार पर संभावित स्थानों पर दबिश देकर वारंटों की तामिली की अभियान के दौरान मारपीट, चाकूबाजी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, एनआई एक्ट सहित विभिन्न प्रकरणों से संबंधित लंबित वारंटों पर कार्रवाई की गई इस दौरान कुल 247 वारंट तामील किए गए, जिसमें 69 स्थाई वारंट शामिल हैं ।

### मेले में बच्चों से मारपीट व कथित यौन दुराचार करने का आरोपी हिरासत में

**भाटापारा, 3 सितंबर।** महारानी चौक, भाटापारा में आयोजित मेले में खिलौने उठाने पर संचालक गोवर्धन वर्मा ने दो नाबालिग बच्चों पर चोरी का आरोप लगाकर उनके साथ मारपीट व गंभीर यौन उत्पीड़न किया। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी गोवर्धन वर्मा को हिरासत में ले लिया है। पुलिस पीड़ितों के बयान व साक्ष्य संकलित कर सुसंगत धाराओं में FIR दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है ।

# मानसून ट्रैकिंग में दिखी अंचल की ऐतिहासिक विरासत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 सितम्बर ।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन द्वारा पुरातात्त्विक स्थलों पर केंद्रित एक दिवसीय मानसून एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने जिला मुख्यालय से करीब 60 से 70 किलोमीटर के दायरे में स्थित पांच ऐतिहासिक एवं पुरातात्त्विक स्थलों का भ्रमण कर उनकी स्थापत्य कला, शिल्प एवं ऐतिहासिक विरासत को करीब से जाना। इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि ट्रैकिंग के दौरान प्रतिभागियों ने सीता मंदिर देवरबीजा, घुघुस राजा मंदिर देवकर, शिव-हनुमान मंदिर सहसपुर, देऊर मंदिर गंडई तथा घटियारी शिव मंदिर बिरखा गंडई का अवलोकन किया। दसवीं-बारहवीं शताब्दी की इन ऐतिहासिक धरोहरों में पत्थरों पर उकेरी गई कलात्मक नक्काशी और तत्कालीन जीवन के विविध प्रसंगों को देखकर प्रतिभागी अभिभूत हुए। संस्था के चेयरमैन के. सुब्रमण्यम एवं कोषाध्यक्ष हेमलाल देवांगन ने बताया कि देवरबीजा स्थित सीता मंदिर के सरोवर में प्रवासी पक्षियों तथा उनके प्राकृतिक आवास को भी प्रतिभागियों ने देखा। पक्षियों की गतिविधियों ने सभी को रोमांचित किया। वहीं देवकर में प्राचीन राम मंदिर के दर्शन के साथ राम मंदिर परिसर स्थित ओम साईं संस्कृत विद्यालय में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भी सदस्यों ने सहभागिता की। इकाई सचिव सुबोध देवांगन के अनुसार, भ्रमण किए गए अधिकांश मंदिरों में शिवलिंग स्थापित हैं। इन पुरातात्विक स्थलों की दीवारों पर लाल बलुआ पत्थरों से सुंदर एवं बारीक नक्काशी की गई है। युद्ध के वीरतापूर्ण दृश्य, स्त्री-पुरुष जीवन की सहज कलात्मक अभिव्यक्ति तथा विभिन्न आसनों में मिथुन मूर्तियों का सूक्ष्म उत्कीर्णन इन मंदिरों की प्रमुख विशेषताओं में शामिल है। आयोजन को सफल बनाने में अरविंद ताम्रकार, ओमकुमारी देवांगन, रूपेश साहू, उषा रानी यादव, प्रसिद्धि यादव, राजेश मराठे, शिल्पा मराठे, कमल साहू, ममता साहू, संजय साहू, सुलेखा साहू, तोरन लाल साहू, तुलसी साहू, लिगेन्द्र वर्मा, अथर्व वर्मा, किशोर छबलानी, राजश्री श्रृंगारपुतले, पल्लवी मेश्राम, मोरध्वज साहू, जन्नत वर्मा, रेणु महंत, डिम्पी महंत, संजय द्विवेदी, सुधा द्विवेदी, पवन कुमार द्विवेदी, संजय महाजन एवं बलबीर कौर की सराहनीय भूमिका रही।



### महिलाओं ने मनाया कमरछठ पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 3 सितंबर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्री में बड़े उत्साह से ही कमर छठ पर्व महिलाओं द्वारा मनाया जा रहा है यह पर्व छत्तीसगढ़ में संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए भादों मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस पारंपरिक त्योहार है। सगरी पूजा और धार्मिक अनुष्ठान

**प्रतीकात्मक सगरी तालाब-** महिलाएं मोहल्लों और घरों में एकत्रित होकर प्रतीकात्मक सगरी (छोटा तालाब) बना रही हैं, जिसमें बेल पत्ती, कांशी और खमार के पेड़-पौधे लगाए गए हैं। सगरी में मिट्टी से बने छह प्रकार के खिलौने (जैसे बांटी, भौरा आदि) रखकर माताएं शिव-पार्वती और हलषष्ठी माता की विशेष पूजा-अर्चना कर रही हैं। नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में नगर पुरोहित अवस्थी महाराज दुवारा पुजा एवं कथा सुनाया गया कथा सुनने के बाद घर लौटकर माताएं अपने बच्चों की पीठ पर कपड़े या रुई से 'पोता' लगाने की पारंपरिक रस्म निभाएंगी, जिसे संतान की सुरक्षा और दीर्घायु से जोड़कर देखा जाता है. इस व्रत में हल से जोती गई भूमि पर उगने वाले किसी भी अन्न का सेवन पूरी तरह वर्जित रहता है.

# आरंभ संस्था के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य, त्रयंबक, दीप्ति उपाध्यक्ष निर्वाचित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 सितम्बर ।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के बैठक की अध्यक्षता आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान जिला न्यायाधीश एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व रजिस्ट्रार जनरल नीलम चंद सांखला उपस्थित रहे। संस्था का प्रतिवेदन नूरुस्सबाह खान सबा ने प्रस्तुत किया। संचालन दीप्ति श्रीवास्तव ने किया तथा आभार डॉ. विजय कुमार गुप्ता मुन्ना ने व्यक्त किया।

प्रदीप भट्टाचार्य को अध्यक्ष, डॉ. रजनी नेलसन को कार्यकारी अध्यक्ष, ब्रजेश मल्लिक को अतिरिक्त कार्यकारी अध्यक्ष, त्रयम्बक राव साटकर अंबर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीप्ति श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, नूरुस्सबाह खान सबा को महासचिव, आलोक कुमार चंदा को संयुक्त सचिव, शौकत इकबाल को संगठन सचिव तथा प्रकाश चंद्र मंडल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा पल्लव चटर्जी को अंकेक्षण, ठाकुर दशरथ सिंह भुवाल को संयोजक, जाविद हसन को प्रवक्ता, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी को मीडिया एवं प्रचार-प्रसार प्रमुख, दीपक गायकवाड़ को आईटी सेल-सोशल मीडिया प्रमुख तथा अनीता करडेकर को महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. विजय कुमार गुप्ता मुन्ना, डॉ. संध्या श्रीवास्तव, शानू मोहनन, अमृता मिश्रा, राकेश गुप्ता रुसिया, सुशील यादव, हरि प्रकाश गुप्ता सरल, राज कुमार भल्ला आर्य और डॉ. अंजना श्रीवास्तव निर्वाचित हुए।

### जन्माष्टमी पर मांस बिक्री एवं पशु वध रहेगा प्रतिबंधित

**भिलाई, 3 सितम्बर ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर निगम क्षेत्र में पशुवध, गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केंद्रों को बंद रखा जाएगा। विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुपालन में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 4 सितंबर 2026, कृष्ण जन्माष्टमी के दिन निगम क्षेत्र में संचालित सभी पशुवध एवं मांस बिक्री केंद्रों में मांस की बिक्री और पशु वध पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। निगम प्रशासन ने संबंधित दुकानदारों एवं व्यवसायियों से शासन के आदेश का पालन करने की अपील की है। आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### धमधा क्षेत्र में 3 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए 35.07 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति

**दुर्ग, 3 सितम्बर ।** विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (जी-राम-जी) योजना के तहत जिले के जनपद पंचायत धमधा क्षेत्र में तीन नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं अनुमोदन के बाद जिला पंचायत दुर्ग द्वारा कुल 35.07 लाख के तीन निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ श्री बजरंग दुबे ने बताया कि स्वीकृति के तहत ग्राम पंचायत पंचदेवरी, सांकरा और मुडपार में एक-एक आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक भवन के लिए 11.69 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इन भवनों के निर्माण से आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर आधारभूत सुविधा मिलेगी और बच्चों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण तैयार होगा।



### 30 पौवा शराब सहित युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 3 सितम्बर ।** भिलाई अवैध शराब के साथ युवक को खुर्सीपार थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि देवार बस्ती मछली मार्केट के पास खुर्सीपार शराब बेचने की सूचना मिली थी घेराबंदी कर बोलबम चौक केनाल रोड खुर्सीपार निवासी पारस को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 30 देशी पौवा, रकम 160 रुपए जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म जर्ज किया है गिरफ्तार कर युवक को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# तरीघाट में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया हलषष्ठी पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,3 सितंबर।** संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर मंगलवार को तरीघाट गांव में कमरछठ (हलषष्ठी) पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं पूजा की तैयारियों में जुटी रहीं। पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ रही और पूरे गांव में आस्था व भक्ति का माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने विधि-विधान से हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना कर अपनी संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने सामूहिक रूप से कमरछठ की कथा सुनी और पूजा के बाद एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। सरपंच चंद्रिका साहू ने कहा कि कमरछठ उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। माताएं संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी जीवन की कामना के लिए व्रत रखती हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को महिलाएं पूरी श्रद्धा के साथ निभा रही हैं। वहीं संतोषी साहू ने कहा कि पर्व के दिन पूरा परिवार एकजुट रहता है। पूजा-पाठ और कथा श्रवण से मन को शांति मिलती है। आने वाली पीढ़ी भी इस परंपरा और संस्कृति से जुड़ी रहे, यही प्रयास रहता है। ग्रामीण बुजुर्ग रूप राम साहू ने बताया कि कमरछठ केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण त्योहार है। कमरछठ पर्व को लेकर महिलाओं के साथ-साथ बच्चों में भी खासा उत्साह रहा। पूजा स्थलों पर दिनभर परिवार के सदस्यों की आवाजाही बनी रही। शाम तक गांव में धार्मिक एवं उत्सवी माहौल रहा। पूजा-अर्चना और कथा श्रवण के बाद महिलाओं ने निर्धारित परंपराओं के अनुसार व्रत का पारण किया।



### हथियार लेकर धमकाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 3 सितम्बर ।** भिलाई धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई एस एन सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोसा नगर में धारदार लोहे का हथियार लेकर आने-जाने वाले लोगों को धमकाने वाले की सूचना मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम कृष्णा नगर सुपेला निवासी ईरजाद कुरैशी, डेरा बस्ती, फरीद नगर सुपेला में हथियार लहराने वाले न्यू कृष्णा नगर बजरंग गायकवाड होना बताया है दोनों के पास से सुपेला थाने पुलिस ने लोहे का हथियार जब्त किया है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**दुर्ग,3 सितंबर।** नगर पालिक निगम, दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी एवं नगर पालिक निगम, दुर्ग के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में कक्षा पहली से बारहवीं तक के समस्त विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।मोबाइल मेडिकल यूनिट (रूरू) एवं दाई-दीदी क्लिनिक की चिकित्सकीय टीम ने विद्यालय परिसर में शिविर लगाकर विद्यार्थियों की ऊंचाई, वजन एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच की।

# बिना अनुमति सड़क किनारे नहीं लगेंगे पंडाल, निगम ने दिया आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,3 सितंबर।** धार्मिक, राजनीतिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए सड़क किनारे पंडाल लगाने वाले आयोजकों को अब पहले नगर निगम से अनुमति लेनी होगी। अनुमति शुल्क के साथ आयोजकों को सुरक्षा निधि भी जमा करनी होगी। बिना अनुमति पंडाल लगाने पर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश के बाद निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने इस मामले में सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार सुबह जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पंडाल लगाने से पहले निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होगा। वहीं यदि आयोजन के लिए चुनी गई जमीन भिलाई इस्पात संयंत्र की है तो बीएसपी प्रबंधन से अनुमति लेना भी अनिवार्य होगा। निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि गणेश उत्सव, दुर्गा उत्सव सहित किसी भी आयोजन के लिए लगाए जाने वाले पंडाल का क्षेत्रफल चाहे 5 हजार वर्गफीट से कम हो या अधिक, निगम से अनुमति लेना जरूरी है। बिना अनुमति पंडाल लगाने पर नगर पालिक निगम रिसाली एक पक्षीय कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा। यदि पंडाल के कारण यातायात मार्ग में परिवर्तन करना पड़ता है तो आयोजन समिति को संबंधित अधिकारियों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। उत्सव के दौरान सड़क की खुदाई, सड़क किनारे बनी नाली अथवा निकाय द्वारा निर्मित किसी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर उसकी भरपाई आयोजन समिति द्वारा जमा की गई क्षतिपूर्ति राशि से की जाएगी। इसके अलावा आयोजन स्थल पर लगने वाले मेले या मीना बाजार को संकरे स्थानों पर संचालित करने की अनुमति नहीं होगी। गुफा अथवा झांकी लगाने के लिए भी अलग से अनुमति लेना जरूरी होगा। लाउडस्पीकर निर्धारित एवं मध्यम आवाज में ही बजाए जा सकेंगे। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा।

### स्मृति दत्त की त्रिधारा के हिंदी अनुवाद का विमोचन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 सितम्बर ।** बंगीय साहित्य संस्था की उपसभापति एवं वरिष्ठ बांग्ला लेखिका स्मृति दत्त की कृति त्रिधारा के हिंदी अनुवाद का विमोचन हुआ। पुस्तक का हिंदी अनुवाद सरला शर्मा एवं मोऊ रॉय ने किया है, जबकि मुखपृष्ठ चित्रांकन गौतम शील एवं प्रसोन्नजीत चौधुरी ने किया है। मुख्य अतिथि बंगीय साहित्य संस्था की सभापति एवं कवयित्री बानी चक्रवर्ती तथा विशिष्ट अतिथि अनुवादक सरला शर्मा थीं। इस अवसर पर मध्यबलय के संपादक दुलाल समाद्दार एवं आरंभ के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन महासचिव शुभेंदु बागची ने किया तथा आभार स्मृति दत्त की सुपुत्री एवं नृत्य कलाकार अपर्णा रॉय ने व्यक्त किया।

### विद्युत पोल लगने के बाद भी नहीं मिला बिजली कनेक्शन, किसानों ने जनदर्शन में लगाई गुहार

**दुर्ग, 3 सितम्बर ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्रीमती सिल्ली थॉमस भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 129 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने प्राप्त अनेक आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर प्रकरणों की जानकारी ली और तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।इसी कड़ी में खुर्सीपार निवासी ने अपने नाम आबंटित पट्टे की भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनकी गैर मौजूदगी में भाई ने उनकी पट्टे की जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी, जिसके बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा वहां बने झोपड़े को तोड़कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। विरोध करने पर मारपीट और गाली गलौच करता है। आवेदक ने निर्माण तत्काल रुकवाने और भूमि वापस दिलाने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।सेवा सहकारी समिति रसमड़ा ने धान उपार्जन केंद्र के लिए आबंटित भूमि को उपार्जन योग्य बनाने और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। समिति के अनुसार ग्राम पंचायत ने अगस्त 2025 में भूमि आबंटन का प्रस्ताव पारित किया था।

# माइनिंग से हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग तक छत्तीसगढ़ लगा रहा दांव

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 3 सितंबर.** छत्तीसगढ़ की औद्योगिक पहचान लंबे समय से खनिज और प्राथमिक प्रसंस्करण पर आधारित रही है। अब राज्य इस पहचान को बदलते हुए कच्चे संसाधनों की बजाय वैल्यू एडेड और हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंगका केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार की औद्योगिक रणनीति में इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग, ऑटो कंपोनेंट्स, रक्षा उपकरण, एआई और ग्रीन स्टील जैसे क्षेत्रों को प्रमुखता दी जा रही है। राज्य की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में इस बदलाव का आधार तैयार किया गया है। इस नीति में स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और उनके मूल्य संवर्धन के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, एआई, रोबोटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, फार्मा, रक्षा और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहन दिया गया है। इसका




उद्देश्य छत्तीसगढ़ को केवल खनिजों का आपूर्तिकर्ता नहीं, बल्कि तैयार उत्पादों और उन्नत तकनीक आधारित उद्योगों का केंद्र बनाना है।

**करीब 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव-** औद्योगिक नीति लागू होने के बाद से राज्य में निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ी है। राज्य के निवेश प्रोत्साहन पोर्टल के अनुसार पिछले करीब 18 महीनों में लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावप्राप्त हुए हैं।

इनसे 1.5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। खास बात यह है कि इन प्रस्तावों का बड़ा हिस्सा पारंपरिक खनिज आधारित उद्योगों से आगे बढ़कर एआई, डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर, फार्मा, टेक्सटाइल और एग्रो-प्रोसेसिंग जैसे विशेष क्षेत्रों से जुड़ा है। नवा रायपुर में एआई और डेटा सेंटर से जुड़े निवेश तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव राज्य की बदलती औद्योगिक दिशा को दर्शाते हैं। इसी क्रम में राजनांदगांव मेंइलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (EMC 2.0)को मंजूरी मिली है। इससे 3,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश और करीब 9,000 प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार आने की उम्मीद है।

**स्टील से आगे ग्रीन स्टील की ओर-** स्टील उत्पादन में मजबूत आधार रखने वाला छत्तीसगढ़ अब इस क्षेत्र में भी अगली पीढ़ी के उत्पादन पर जोर दे रहा है। देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और हरित विनिर्माण को बढ़ावा देने के बीचग्रीन स्टीलराज्य के लिए बड़ा अवसर बनकर उभरा है। पिछले महीने आयोजित छत्तीसगढ़ ग्रीन स्टील डायलॉग के दौरान करीब 13,840 करोड़ रुपये के निवेश प्रतिबद्धताओंने इस क्षेत्र की संभावनाओं को मजबूत किया है। राष्ट्रीय स्तर पर भी विशेष स्टील के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई जैसी योजनाएं चल रही हैं। ऐसे में छत्तीसगढ़ अपने खनिज संसाधन, मौजूदा स्टील उद्योग और ऊर्जा आधार का इस्तेमाल उच्च मूल्य वाले स्टील उत्पादों के निर्माण में कर सकता है।

**फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स में नई संभावनाएं-** फार्मास्यूटिकल्स भी राज्य की नई औद्योगिक तस्वीर का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। पिछले 18 महीनों में फार्मा क्षेत्र में करीब992.53 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावआए हैं, जबकि 216 करोड़ रुपये के चार प्रोजेक्ट कार्यान्वयन के चरण में हैं।

# श्री सत्यनारायण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव,3 सितंबर।** संस्कारधानी राजनांदगांव के श्री सत्यनारायण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव इस वर्ष भी दिव्य, भव्य एवं अलौकिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर रहेगा। देश के विभिन्न राज्यों से मंगाए गए रंग-बिरंगे एवं सुगंधित पुष्पों से मंदिर की विशेष साज-सज्जा की जा रही है, जिसकी मनमोहक छटा भक्तों को मंत्रमुग्ध करेगी। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सहसचिव रामावतार जोशी तथा कार्यकारिणी सदस्य विष्णु लोहिया, संतोष सिंघल एवं नरेंद्र गोयल ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण को अखिल कोटि ब्रह्मांड नायक कहा गया है। पुराणों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण संपूर्ण सृष्टि, लोक एवं ब्रह्मांड के मूल स्रोत आदि



पुरुष हैं। वे समस्त जीवों के रक्षक, मार्गदर्शक एवं परम ईश्वर हैं। जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य का अत्यंत जीवंत एवं आनंदमय पर्व है, जिसे सनातन संस्कृति में सामाजिक समरसता और श्रद्धा के साथ देश-विदेश में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि श्री सत्यनारायण मंदिर की जन्माष्टमी महोत्सव की अपनी विशिष्ट परंपरा रही है। अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मंदिर समिति के सभी सदस्य प्रभु सेवा को अपना सौभाग्य मानकर स्वयंसेवक के रूप में पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। समिति का मानना है कि प्रभु सेवा से जीवन का सौभाग्य जागृत होता है।

**मध्यरात्रि 12 बजे होगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-** 4 सितंबर 2026 को मध्यरात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाएगा। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि एवं रोहिणी नक्षत्र के पावन अवसर पर बाल गोपाल की प्रतिमा का पंचामृत एवं पवित्र जल से अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात बाल गोपाल को सुंदर वस्त्र एवं आभूषणों से सुसज्जित कर माखन-मिश्री, धनिया पंजीरी एवं विभिन्न फलों का महाभोग अर्पित किया जाएगा।

# कलेक्टर ने शासकीय पट्टे की भूमि के अवैध रुप से विक्रय करने के मामले में दिया बड़ा फैसला

**राजनांदगांव 03 सितम्बर।** कलेक्टर न्यायालय राजनांदगांव द्वारा शासकीय पट्टे की भूमि को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना अवैध रूप से विक्रय किए जाने के मामले में बड़ा फैसला सुनाया गया है।

घुमका तहसील के ग्राम डुडिया के ग्रामीणों की शिकायत पर दर्ज प्रकरण में कलेक्टर न्यायालय ने पट्टाधारियों द्वारा की गई भूमि बिक्री को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के प्रावधानों का उल्लंघन माना है। कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्रकरण में संबंधित सभी पट्टाधारियों तथा जिनके द्वारा भूमि क्रय की गई है, उन के्रताओं को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया तथा दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सुनवाई के दौरान किसी भी पट्टाधारी अथवा वर्तमान भूमिस्वामी द्वारा पट्टे की भूमि विक्रय के संबंध में सक्षम अधिकारी (कलेक्टर) की पूर्वानुमति से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। न्यायालय ने पाया कि शासकीय पट्टे की भूमि के विक्रय में सक्षम अधिकारी की अनुमति नहीं लिया जाना छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 158 (3) तथा धारा 165 (7ख) उपधारा (1) के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके आधार पर पट्टाधारी उमाबाई एवं अन्य 8 को जारी पट्टे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश पारित किया गया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में 35वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो मीट का भव्य शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़

**डोंगरगढ़,3 सितंबर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में 35वीं नवोदय विद्यालय समिति राष्ट्रीय ताइक्वांडो मीट-2026 का आज दिनांक 1 सितंबर 2026 को राजनांदगांव जिला के जिलाधीश श्री जितेंद्र यादव जी IAS के कर कमलों से भव्य शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम नवोदय विद्यालय समिति के तत्वाधान में भुनेश्वर संभाग के सहायक आयुक्त श्रीमान वाय एस. एस चंद्रशेखर जी की उपस्थिति और उनके मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नवोदय विद्यालय डोगरगढ़ के प्राचार्य श्री संजय कुमार सिंह जी ने इस कार्यक्रम के दौरान अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए जिलाधिकारी श्री जितेंद्र यादव जी के द्वारा विद्यालय विकास में दिए गए योगदान को विशेष रूप से याद किया एवं इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से नवोदय विद्यालय समिति के 10 संभागों के 553 बालक-बालिकाएं हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 290 बालिका और 263 बालक खिलाड़ी शामिल हैं। खिलाड़ियों के साथ 10 टीम मैनेजर और 48 अनुरक्षक भी प्रतियोगिता में मौजूद हैं।उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिले के कलेक्टर श्री जितेंद्र यादव जी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त साधन है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपनी पूरी क्षमता के साथ



प्रदर्शन करने और जीत-हार की चिंता किए बिना सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी मानसिक बाधाओं को तोड़ते हुए अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने तथा कठिन परिस्थितियों को अवसर में बदलने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया।जिलाधीश महोदय ने कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल शरीर के साथ-साथ मन को भी मजबूत बनाते हैं। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर खिलाड़ी अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।उद्घाटन अवसर पर खेल भावना और ऊर्जा के प्रतीक मशाल प्रज्वलित की गई। इसके बाद आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की गई। विभिन्न संभागों से आए खिलाड़ियों ने मार्च-पास्ट में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति से पूरे भारत को परिचित कराया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय में खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द का वातावरण दिखाई दिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# खुद के साथ-साथ दूसरे का भी भला करो : मुनि श्रेयांशप्रभ जी

## अअधिक कार्य करने के लिए क्षमता बढ़ाओ

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव,3 सितंबर.** हम खुद को भूलकर सबके लिए करते हैं जो कि गलत है। हम यदि कुछ कर रहे हैं तो पहले स्वयं के लिए करें फिर परिवार और फिर अन्य के लिए। क्षमता से अधिक कार्य न करें और यदि अधिक कार्य करना है तो अपनी क्षमता बढ़ाएं।" उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान व्यक्त किए। मुनि श्री श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि दूसरों की भलाई के लिए हम खुद को भूल जाते हैं। हम इस भलाई के चक्कर में न स्वयं को देख पाते हैं और ना ही परिवार को। उन्होंने कहा कि खुद पर भी ध्यान दो। जो हमेशा सबके लिए करता है, हम उसे ही महान मानते हैं जबकि वह महान नहीं है। इसी तरह जो अपने लिए ही करता है, हम उसे स्वार्थी मानते हैं जबकि ऐसा नहीं है। आप जब स्वयं का भला नहीं करेंगे तो दूसरों का भला कैसे कर पाएंगे। दूसरों को जानने से पहले स्वयं को जानना जरूरी है। मुनिश्री ने कहा कि आप सब का भला करना चाहते हैं तो करें लेकिन क्षमताओं से ज्यादा नहीं। अगर ज्यादा कुछ करना ही है तो अपनी क्षमताओं को बढ़ाएं। हम मनुष्य बन जाए यही बहुत है। आप खुद का भला कर लो फिर दूसरे का भला करो। सोंचने वाले को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि हर महान व्यक्ति को देख लो पहले उन्होंने आलोचना झेली, जब वे महान बन गए तब आलोचना करने वाले ही माला पहनाने में आगे नजर आए। अगर आप महान बन जाओगे तो आज जो आपको गलत कह रहे हैं, वे ही कल आपको सही कहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर लगी मुहर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 3 सितम्बर।** महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में चैक चैराहो के सौदर्यीकरण, व्यवसायिक परिसर निर्माण, पाईप लाईन विस्तार तथा ठेका श्रमिक रखने प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, दुकान नीलामी, जाति प्रमाण पत्र संबंधी विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। महापौर श्री यादव ने बैठक के संबंध में बताया कि बजट प्रावधान अनुसार व्यवसायिक परिसर निर्माण की कडी में रेल्वे स्टेशन रोड तथा बी.एस.एन.एल. आफिस के पास जी.ई.रोड में व्यवसायिक परिसर निर्माण के लिए एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विभिन्न स्थानों में पाईप लाईन विस्तार हेतु आहुत निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर की अनुशंसा की गयी तथा चैक चैराहो के सौदर्यीकरण के कार्य योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि रोड नाली निर्माण के साथ साथ जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने, दुकान नीलामी के अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को राशि देने की स्वीकृति तथा समाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत पात्र हितग्राहियो को पेंशन राशि देने अनुशंसा की गयी। बैठक में महापौर श्री यादव ने 18 अगस्त को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान बारिश एवं गणेश के पूर्व शहर की सड़को मे मरम्मत के लिए पेचवर्क करने तथा विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने दिये गये निर्देश की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पेचवर्क के कार्यो में गति लावे और गणेश झाकी निकलने वाली मार्गो में पेचवर्क कर मरम्मत करना सुनिश्चित करे।

# सफाई एवं आवागमनबाधित अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 3 सितम्बर।** समुचित साफ सफाई व बारिश में सुचारू पानी निकासी एव सुगम आवागमन के लिए नगर निगम द्वारा शहर में निरीक्षण कर अतिक्रण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम स्वयं शहर में सफाई निरीक्षण के दौरान साफ सफाई एवं पानी निकासी में अवरोध के अलावा यातायात बाधित कर अतिक्रणम को हटाने निर्देशित कर स्वयं हटवा रहे है। आज उन्होंने निगम के सामने रखे बंद ठेला हटवाने के अलावा ओव्हर ब्रिज के किनारे रखे सभी कण्डम वाहन हटवाए। उल्लेखनीय है कि कतिपय लोगो के द्वारा नाली के उपर या रोड में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा रखा जाता है या मार्ग अवरूद्ध कर दिया जाता है। जिससे पानी निकासी अवरूद्ध होने के साथ साथ गंदगी फैलती है और आवागम बाधित होती है। जिसके निराकरण के लिए आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता निरीक्षण कर तथा शिकायत के आधार पर अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रही है।



आज सुबह आयुक्त द्वारा सफाई निरीक्षण के दौरान निगम के सामने रखे बंद ठेला जिससे गंदगी फैल रही थी उसे हटवाए उसी प्रकार ओव्हर ब्रिज के किनारे रखे कण्डम वाहनो को भी हटावाया गया। साथ ही तहसील कार्यालय रोड में साफ सफाई करवाकर गड्ढो में पेचवर्क करावाए। इस दौरान उन्होंने निगम के सामने के ठेला खोमचा वालो को ठेला रोड मे नही लगाने, कचरा डस्टबिन में डालने, गंदगी नही फैलाने समझाईस दिए।

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि बारिश में मौसमी बीमारी फैलने की आशंका को दृष्टिगत तथा समुचित पानी निकासी व सुगम आवागमन के लिए शहर मे अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया जा रहा है। बीते दिनों फ्लाई ओव्हर के नीचे, ममता नगर एवं कल बसंतपुर चिकित्सालय के पास से अतिक्रमण हटाया गया था। इसी प्रकार बरसात में दुर्घटना से मवेशियो को बचाने मवेशी धरपकड अभियान चलाकर मवेशियो में रेडियम पट्टी व टेप लगाने भी अभियान चलाया जा रहा है।

आयुक्त श्री मरकाम ने शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सहयोग करने नागरिको एवं व्यापारियो से अपील करते हुये कहा है कि शहर के चैक चैराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार अतिक्रमण करने से पानी निकासी प्रभावित होती है। साथ ही सडक में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जावेगा। इसके अलावा उन्होंने मवेशी मालिको से भी अपील की है कि दुर्घटना से बचाने अपना मवेशी बाधकर रखे, अन्यथा जुर्माना के साथ साथ कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वेदांता एल्युमीनियम ने मैन्युफैक्चरिंग में अपनाई एआई आधारित तकनीकें

**रायपुर, 3सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम निर्माता वेदांता एल्युमीनियम ने मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईआईओटी), एडवांस्ड एनालिटिक्स और स्मार्ट सेफ्टी सिस्टम जैसी तकनीकों को अपनाया है। इनका उद्देश्य उत्पादन, लॉजिस्टिक्स, सुरक्षा और मशीनों की निगरानी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाना है।छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित बाल्को स्मेल्टर में एआई आधारित चार कंट्रोल टावर जीपीएस, आईओटी वाहन ट्रैकिंग, वीडियो टेलीमैटिक्स, जियो-फेंसिंग और रियल-टाइम एनालिटिक्स को एक साथ जोड़कर कोयला लॉजिस्टिक्स, तैयार उत्पादों की डिलीवरी और राख प्रबंधन की निगरानी कर रहे हैं।वहीं लांजीगढ़ रिफाइनरी में 'एल्युमिनाटी' नामक एआई आधारित रोबोट के जरिए सुरक्षा प्रशिक्षण को आसान बनाया गया है। झारसुगुड़ा में एआई, मशीन लर्निंग, डिजिटल ट्विन और एडवांस्ड सेंसर जैसी तकनीकों से उत्पादन प्रक्रियाओं की रियल-टाइम निगरानी की जा रही है।वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि तकनीक का उद्देश्य केवल नई प्रणालियां अपनाना नहीं, बल्कि वास्तविक चुनौतियों का समाधान कर सुरक्षा, दक्षता और उत्पादकता को बेहतर बनाना है।

### स्वच्छ नगर की दिशा में नगर पंचायत लाल बहादुर नगर की पहल

**डोंगरगढ़, 3सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगरवासियों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण हेतु डस्टबिन वितरित किए गए।*इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में घर



से ही कचरे को अलग-अलग रखने की आदत विकसित करना तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है।इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष देवेंद्र साहु जी एवं CMO शैलेश पांडेय जी एवं पार्षदगण द्वारा कचरा संग्रहण हेतु 06 नया ई-रिक्शा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह ई-रिक्शा नगर के सभी वार्डों में पहुंचकर घर-घर से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करेंगे।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के अध्यक्ष देवेंद्र साहु जी एवं CMO शैलेश पांडेय जी ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों में निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखें तथा कचरा निर्धारित संग्रहण वाहन में ही दें। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में नागरिकों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया गया।नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा स्वच्छ लाल बहादुर नगर के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में अध्यक्ष देवेंद्र साहु जी, CMO शैलेश पांडेय जी, उपाध्यक्ष छबीधर साहु, एल्डरमैन राजेन्द्र तिवारी सहित नगर पंचायत के सभी पार्षदगण एवं नगरवासी उपस्थित रहें।

### गणेश पर्व से पहले सड़कों के गड्ढे पाटने की मांग

**राजनांदगांव, 3सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** आगामी गणेश पर्व को देखते हुए शहर की जर्जर सड़कों और गड्ढों की मरम्मत की मांग तेज हो गई है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने



निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम से फोन पर चर्चा कर पर्व से पहले प्रमुख सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि गणेश पर्व के दौरान शहर में भव्य झांकियां निकलती हैं, जिन्हें देखने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में खराब सड़कें दुर्घटना और यातायात की समस्या का कारण बन सकती हैं।पिल्ले ने महावीर चौक, टांका घर, स्टेशन पारा रोड, सदर बाजार और रामाधीन मार्ग सहित प्रमुख मार्गों की बदहाल स्थिति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पर्व से पहले सभी सड़कों का निरीक्षण कर गड्ढों की मरम्मत कराई जाए। आयुक्त मरकाम ने जल्द खराब सड़कों को चिन्हांकित कर मरम्मत कराने का आश्वासन दिया।

### शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा को ज्ञानदीप पुरस्कार

**राजनांदगांव, 3सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ज्ञानदीप पुरस्कार 2025 के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीकला, विकासखंड डोंगरगांव के शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा का चयन हुआ है। उनके चयन से विद्यालय परिवार, शिक्षकों और ग्रामीणों में हर्ष है। शर्मा को उत्कृष्ट सेवाभाव, नवाचारपूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है।शिक्षक शर्मा ने पारंपरिक शिक्षण के साथ नवाचार को



जोड़कर विद्यार्थियों में सीखने की रुचि विकसित करने और उनकी प्रतिभा निखारने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें विधायक दलेश्वर साहू द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।उनके चयन पर प्रधान पाठक रमेश चंद्र साहू, एस.एल. तारम, संकुल समन्वयक एस.एल. तिवारी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष माधुरी साहू, सरपंच माधुरी साहू, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पी.एन. साहू, उपसरपंच उज्ज्वल निर्मलकर सहित विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों ने बधाई दी। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए गौरव बताया।

### गंभीर तीव्र कुपोषण से सामान्य पोषण श्रेणी में पहुंची याक्षी

**राजनांदगांव, 3सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** सामुदायिक स्तर पर कुपोषण प्रबंधन के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों से बच्चों के पोषण स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिले के ग्राम बोईरडीह निवासी नन्हीं याक्षी पाल भी ऐसे ही प्रयासों से कुपोषण से बाहर निकलकर सामान्य पोषण श्रेणी में पहुंच चुकी हैं। याक्षी, माता श्रीमती लक्ष्मी पाल एवं पिता श्री सूर्य प्रकाश पाल की पुत्री हैं। प्रारंभिक पोषण मूल्यांकन के दौरान याक्षी को गंभीर तीव्र कुपोषण की श्रेणी में चिन्हांकित किया गया था। उस समय उसका वजन 4.9 किलोग्राम एवं लंबाई 65 सेंटीमीटर दर्ज की गई थी। परिवार की आर्थिक परिस्थितियों और माता-पिता के दैनिक कार्य में व्यस्त रहने के कारण याक्षी की देखभाल मुख्य रूप से उसके दादा-दादी श्री उमाशंकर एवं श्रीमती गीता द्वारा की जा रही थी। याक्षी के पोषण स्तर में सुधार के लिए उसे सामुदायिक स्तर पर तीव्र कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम से जोड़ा गया।

# मोहन भागवत ने तो अमरीका में सच कहा है

देश से जो भी प्यार करता है, देश का सम्मान करता है, देश की प्रतिष्ठा को बनाए रखता है, वह विदेश में जाकर ऐसी बात तो बोल नहीं सकता जिससे देश की प्रतिष्ठा कम होती हो। देश का अपमान होता हो,देश का सम्मान कम होता हो। अब देश के नेता राहुल गांधी की तरह तो होते नहीं है कि जब भी विदेश जाएं तो देश का अपमान करें, देश की प्रतिष्ठा कम करे, बताएं देश में लोकतंत्र नहीं है,देश की तमाम लोकतांत्रिक संस्थाएं निष्पक्ष नहीं रह गई है। सबसे समझौता कर लिया है। अल्पसंख्यकों को देश में कोई अधिकार नहीं है। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक,सामाजिक व राष्ट्रवादी संगठन प्रमुख मोहन भागवत अमरीका जाकर वही किया है जो देश से प्यार करने वाले हर शख्स को करना चाहिए।उन्होंने वही कहा है जो सच है, देश के डीएनए में विविधता है। इसे कोई झूठ कैसे कह सकता है। इसे तो सभी को स्वीकार करना होगा,सम्मान देना होगा, इसका उत्सव मनाना होगा। मोहन भागवत अमरीका आरएसएस का प्रचार करने नहीं गए हैं। वह तो विश्व को एकता का संदेश देने गए हैं और बताने गए हैं कि इस बारे में भारत का विचार क्या है,भारत का मिशन क्या है, भारत की नियति क्या है।वह जब अमरीका में कहते हैं कि हर राष्ट्र का एक संदेश होता है, हर राष्ट्र का एक मिशन होता है और हर राष्ट्र की एक नियति होती है तो वह विश्व के लोगों को बताने के साथ ही देश के लोगों को भी बता रहे हैं कि भारत का मिशन क्या है, भारत का मिशन वसुधैव कुटुम्बकम है, भारत का संदेश है विविधता में एकता है और भारत की नियति क्या है, विविधता में एकता को स्वीकार करना। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत न्यूयार्क के मेडिसन स्क्वेयर गार्डन स्थित इंफोसिस थियेटर में यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में अमरीका के 39 राज्यों व 853शहरों के लोग,250 से ज्यादा छात्र,250 संगठन के लोग,30 देशों के 180 धार्मिक नेता शामिल थे सभी ने इस मौके पर वन वल्र्ड वन ह्यूमिनिटी कॉल टू एक्शन की घोषणा की ।इस मौके पर विश्व में किसी समुदाय को निशाना बनाए जाने पर उसके साथ खड़े होने और मिलकर सेवा करने का संकल्प भी लिया गया। यह मौका विश्व के लिए कुछ सोचने, कुछ करने का था, ऐसे में मोहन भागवत ने यह नहीं बताया है कि संघ क्या सोचता है, संघ देश में क्या करता है, संघ के देश के बारे में क्या विचार है, मोहन भागवत वहां भारत की तरफ से गए थे इसलिए उनको वहां पर भारत के बारे में बताना था कि विश्व के बारे में भारत क्या सोचता है, भारत क्या कर सकता है।विश्व को क्या करना चाहिए। मोहन भागवत ने कोई बुरी बात तो नहीं की लेकिन आरएसएस से दिल से नफरत करने वाले लोगों को मोहन भागवत की अच्छी बातें भी अच्छी नहीं लगती है तो समझा जा सकता है कि संघ से नफरत करने वाले कितनी नफरत करते हैं, वह चाहते हैं कि अमरीका जाकर राहुल गांधी की तरह देश के बारे में जो कुछ बुरा बोला जा सकता है वह बोले.यह तो एक राष्ट्रवादी संगठन का प्रमुख कर ही नहीं सकता था, हर देश में कई तरह की समस्या होती है, कई तरह की बुराइयां होती हैं लेकिन जब भी कोई बड़ा नेता विदेश जाता है तो वह देश की अच्छाई बताता है ताकि विदेशों में देश का सम्मान बढ़े। विदेशों में देश की प्रतिष्ठा बढ़े। देश की समस्या पर देश के भीतर बात होनी चाहिए और उसके समाधान का प्रयास भी देश के भीतर पक्ष विपक्ष सभी को मिलकर करने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि देश तो सबका होता है, देश की बेहतरी के लिए जो कुछ करना होता है, वह सभी को करना होता है। हमारे देश में थोड़े से लोग ऐसे हैं जो संघ से दिल से नफरत करने के कारण संघ के अच्छे कामों की भी तारीफ नहीं कर पाते हैं और वह अच्छे काम की आलोचना करते हैं।सांसद कपिल सिब्बल ने कहा है कि विदेश में विविधता की बात और देश में बर्दाश्त नहीं,सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वहां एकता की बातें यहां देश को बांटे,सांसद असदुद्दीन ओवैशी ने कहा कि दुनिया के लिए अलग और अपने सदस्यों के लिए अलग बातें। यह अच्छी बात है कि आल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम उमर अहमद इलियासी ने कहा है कि मैं मोहन भागवत के बयान का समर्थन करता हूं।मेरा मानना है कि भारत भी सहमत है। उन्होंने हमेशा एकता की बात की है, चाहे मुसलमानों के बारे में हो या दूसरे धर्मों के बारे में।मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि अमरीका में एकता, भाईचारे, सभी धर्मों के सम्मान की बात करना सराहनीय है लेकिन आज इस संदेश की भारत में सबसे ज्यादा जरूरत है। इससे साफ है कि मोहन भागवत के बयान की कुछ लोग आलोचना करने वाले हैं तो बहुत लोग तारीफ करने वाले भी हैं। क्योंकि देश और विश्व का भला तो एकता,मिलजुलकर रहने,विविधता को स्वीकार करने पर ही हो सकता है। यह समझने में हो सकता है कि विश्व में शांति का एक ही तरीका है, सब एक दूसरे का सम्मान करे, एक दूसरे का सहयोग करें। निरंतर प्रयास किया जाए कि मिलजुलकर कैसे रहा जा सकता है।

## सू- दोकू क्र.149

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.148 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -149

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 148 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | रं |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

जन्माष्टमी विशेष

# ऐश्वर्य एवं वैराग्य का अद्भुत संगम है श्रीकृष्ण

**ललित गर्ग**

भगवान श्रीकृष्ण भारत की माटी, भारत की आत्मा और भारत के जनजीवन की धड़कन हैं। वे केवल आराधना के देवता नहीं, बल्कि जीवन को देखने की एक दृष्टि, संघर्षों से जूझने की प्रेरणा और भविष्य की ओर बढ़ने की दिशा हैं। वे ऐश्वर्य एवं वैराग्य का अद्भुत एवं निराला संगम हैं। श्रीकृष्ण के बिना भारतीय जीवन-दर्शन की कल्पना अधूरी है। जीवन के लगभग प्रत्येक आयाम-परिवार, समाज, राजनीति, प्रशासन, अर्थव्यवस्था, युद्ध, शांति, प्रेम, मित्रता, कर्तव्य, त्याग, नेतृत्व और आध्यात्मिकता में श्रीकृष्ण के विचारों और आदर्शों की छाप दिखाई देती है। इसीलिए जन्माष्टमी केवल श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने का अवसर है। श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के ऐसे अद्भुत एवं विलक्षण महानायक हैं, जिनके व्यक्तित्व में विरोधाभास दिखाई देने वाले अनेक गुण एक साथ समाहित हो जाते हैं। वे द्वारका के शासक हैं, लेकिन उन्हें सामान्यतः 'राजा श्रीकृष्ण' नहीं कहा जाता। वे ब्रजनंदन हैं, नंदलाल हैं, कन्हैया हैं, माखनचोर हैं, गोपियों के चितचोर हैं और रासरचैया हैं। यही उनकी महानता है कि सत्ता के शिखर पर पहुंचकर भी वे जनमानस से कभी दूर नहीं हुए। उनका नेतृत्व राजमहलों तक सीमित नहीं था, वह गांवों की गलियों, ग्वाल-बालों, किसानों, पशुपालकों और सामान्य जन के हृदय तक पहुंचता था। श्रीकृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि श्रेष्ठ नेतृत्व केवल अधिकार प्राप्त करने का नाम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने की कला है। उन्होंने सत्ता को कभी व्यक्तिगत सुख का साधन नहीं बनाया। समाज और राष्ट्र की व्यवस्था उनके लिए कर्तव्य थी और धर्म उनकी आत्मनिष्ठा। इसीलिए उन्होंने परिस्थितियों से पलायन नहीं किया। जहां प्रेम की आवश्यकता थी वहां प्रेम दिया, जहां मित्रता की आवश्यकता थी वहां मित्र बने, जहां संवाद जरूरी था वहां संवाद किया और जहां अधर्म का प्रतिकार आवश्यक हुआ वहां अत्यंत कठोर होकर सामने आए। यही संतुलन कुशल नेतृत्व की सबसे बड़ी पहचान है। आज प्रबंधन की दुनिया में निर्णय क्षमता, समय-प्रबंधन, संकट-प्रबंधन, नेतृत्व, संवाद-कौशल, मनोविज्ञान और रणनीति को सफलता की अनिवार्य शर्त माना जाता है। इन सभी क्षेत्रों में श्रीकृष्ण का जीवन असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करता है। कुरुक्षेत्र में अर्जुन जब मोह और मानसिक द्वंद्व से घिरकर अपने कर्तव्य से विमुख होने लगे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें केवल युद्ध के लिए प्रेरित नहीं किया, बल्कि जीवन का विराट दर्शन दिया। उन्होंने अर्जुन को कर्म का मर्म समझाया-मनुष्य का अधिकार कर्म पर है, परिणाम पर नहीं। यह संदेश आज भी हर विद्यार्थी, कर्मचारी, उद्यमी, प्रशासक, राजनीतिज्ञ और सामान्य व्यक्ति के लिए उतना ही उपयोगी है।हमारी सबसे बड़ी कमजोरी अक्सर कर्म से अधिक परिणाम की चिंता होती है। परिणाम की चिंता मन को भय, तनाव और असमंजस से भर देती है। श्रीकृष्ण का कर्मयोग इस मानसिक बोझ से मुक्ति का मार्ग देता है। अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा, क्षमता और ईमानदारी से करना और परिणाम को व्यापक व्यवस्था पर छोड़ देना-यह जीवन-प्रबंधन का ऐसा सूत्र है जिसकी उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक थी-स्थिर बुद्धि। शिशुपाल ने राजसूय यज्ञ की सभा में उन्हें लगातार अपमानित किया, फिर भी वे शांत रहे। दुर्योधन के दरबार में शांति-दूत बनकर गए और वहां भी उनका अपमान हुआ, लेकिन वे विचलित नहीं हुए। इससे हमें सीख मिलती है कि उत्तेजना में लिया गया निर्णय प्रायः समस्या बढ़ाता है, जबकि शांत मन समाधान का रास्ता खोलता है। आधुनिक परिवारों से लेकर संसद, प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय संबंधों तक, यह प्रबंधन-सूत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

श्रीकृष्ण केवल युद्धनीति के ज्ञाता नहीं थे, वे शांति के भी सबसे बड़े समर्थक थे। महाभारत का युद्ध उनकी पहली पसंद नहीं था। उन्होंने



युद्ध रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया। जब संवाद और न्याय की संभावनाएं समाप्त हो गईं, तभी धर्म की रक्षा के लिए युद्ध का मार्ग स्वीकार किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि शक्ति का अर्थ हिंसा नहीं, बल्कि न्याय की रक्षा करने की क्षमता है। सच्ची शांति वही है जिसके पीछे न्याय और आत्मबल की शक्ति हो। श्रीकृष्ण का सामाजिक दृष्टिकोण भी अत्यंत व्यापक था। उन्होंने ग्रामीण जीवन, गौ-संस्कृति, प्रकृति और सामुदायिक जीवन को सम्मान दिया। गोवर्धन प्रसंग हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सामुदायिक एकता का संदेश देता है। माखन और दूध-दही के प्रसंगों को केवल बाल-क्रीड़ा के रूप में देखने के बजाय उनमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थानीय संसाधनों की रक्षा का संदेश भी देखा जा सकता है। श्रीकृष्ण का लोकजीवन से जुड़ाव बताता है कि कोई भी राष्ट्र तभी मजबूत बन सकता है जब उसकी विकास-यात्रा गांवों, किसानों, श्रमिकों और सामान्य नागरिकों को साथ लेकर चले। उनका व्यक्तित्व एक अद्भुत समन्वय है। वे अर्जुन के सारथी हैं और साथ ही विश्वरूप के दर्शन कराने वाले योगेश्वर। वे सुदामा के मित्र हैं और अत्याचारियों के लिए सुदर्शन चक्रधारी। वे बांसुरी की मधुरता हैं तो धर्मरक्षा के लिए आवश्यक कठोरता भी। वे प्रेम हैं, करुणा हैं, नीति हैं, रणनीति हैं, त्याग हैं और कर्म हैं। इसीलिए श्रीकृष्ण को किसी एक सीमा में बांधना उनके विराट व्यक्तित्व को छोटा करना होगा। श्रीकृष्ण का एक महत्वपूर्ण संदेश है कि व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का बहुआयामी विकास करना चाहिए। परंपरा में उनके द्वारा चौंसठ कलाओं के ज्ञान का उल्लेख मिलता है। इसका व्यापक संदेश यह है कि शिक्षा केवल रोजगार पाने का साधन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व को पूर्ण बनाने की प्रक्रिया है। आज के समय में जब शिक्षा को केवल अंक, नौकरी और प्रतियोगिता तक सीमित करने का खतरा है, श्रीकृष्ण का जीवन हमें ज्ञान, कला, कौशल, सृजनशीलता और चरित्र के समन्वय की प्रेरणा देता है। श्रीकृष्ण की राजनीति सत्ता प्राप्ति की राजनीति नहीं, बल्कि लोककल्याण और धर्मस्थापना की राजनीति थी। उनके जीवन में हमें यह सूत्र मिलता है कि सत्ता पर नैतिकता का अंकुश होना चाहिए और शक्ति का उपयोग जनहित के लिए होना चाहिए। आज भारत विकसित भारत के 2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। आर्थिक शक्ति, विज्ञान, तकनीक, रक्षा, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक समरसता-हर क्षेत्र में भारत नई संभावनाओं की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में श्रीकृष्ण का दर्शन हमें बताता है कि विकास केवल भौतिक समृद्धि का नाम नहीं है। विकास तब सार्थक होगा जब उसमें चरित्र होगा, कर्तव्य होगा, करुणा होगी, न्याय होगा और अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी आशा का प्रकाश पहुंचेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण की जो व्यापक यात्रा चल रही है, उसमें श्रीकृष्ण के कर्म, कर्तव्य, रणनीति, राष्ट्रहित और लोककल्याण के आदर्शों से प्रेरणा लेने की बड़ी संभावनाएं हैं। अंतरराष्ट्रीय जीवन में भी श्रीकृष्ण का संदेश महत्वपूर्ण है। आज दुनिया संघर्षों, युद्धों, अविश्वास और शक्ति-संघर्षों से जूझ रही है। ऐसे समय में श्रीकृष्ण की नीति कहती है-पहले संवाद, फिर समन्वय और अंततः न्याय की रक्षा के लिए आवश्यक शक्ति। भारत यदि विश्व में शांति, सह-अस्तित्व और मानवकल्याण का मार्ग प्रशस्त करना चाहता है तो उसे अपनी सांस्कृतिक चेतना के इस महान स्रोत से ऊर्जा लेनी होगी। श्रीकृष्ण हमें यह भी सिखाते हैं कि जीवन केवल सुख का नाम नहीं है। संघर्ष आएंगे, परिस्थितियां बदलेंगी, प्रियजन दूर होंगे, संकट सामने खड़े होंगे, लेकिन मनुष्य को अपने धर्म और कर्तव्य से विचलित नहीं होना चाहिए। यही कारण है कि गीता का संदेश किसी एक युग, धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता के लिए जीवन का मार्गदर्शन बन गया है। जन्माष्टमी के अवसर पर हमें केवल मंदिरों में घंटियां नहीं बजानी हैं, बल्कि अपने भीतर के अंधकार को भी पहचानना है। हमारे भीतर का कंस अहंकार हो सकता है, लोभ हो सकता है, क्रोध हो सकता है, भय हो सकता है और स्वार्थ भी। हमारे भीतर का अर्जुन भ्रमित और कमजोर हो सकता है। ऐसे में हमें अपने भीतर के श्रीकृष्ण को जगाना होगा-विवेक के रूप में, कर्म के रूप में, साहस के रूप में, प्रेम के रूप में और सत्य के रूप में। श्रीकृष्ण कोई बीता हुआ इतिहास नहीं हैं। वे भारतीय चेतना की सतत प्रवाहित जीवन-ऊर्जा हैं। वे केवल एक महानायक नहीं, बल्कि जीवन के महाप्रबंधक हैं। केवल धर्म के उपदेशक नहीं, बल्कि कर्म की प्रेरणा हैं। केवल बांसुरी की मधुर धुन नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध उठने वाला सुदर्शन भी हैं। श्रीकृष्ण एक व्यक्ति नहीं, एक दृष्टि हैं। श्रीकृष्ण एक कथा नहीं, एक चेतना हैं। श्रीकृष्ण केवल आराध्य नहीं, जीवन को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा हैं।

जन्माष्टमी विशेष

# कृष्णाचरण ही है कृष्ण आराधना

"एक हाथ दोस्ती का बढ़ाकर तो देखिए, किसी भूखे गरीब को रोटी खिलाकर तो देखिए। मिलने लगेंगी खुशियां अपने आप आपको, किसी के पांव में गड़ा हुआ कांटा निकाल कर तो देखिए"। कविवर की ए पंक्तियां द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण की उदार सोच पर खरा उतरती हैं। ऐसी उदारमना सोच के कारण ही वे जगत प्रिय देव हैं। उनका जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व जनजन को मोहित करता है। जन्माष्टमी एक बालक का जन्म दिवस मात्र नहीं है बल्कि सच्चे अर्थो में यह दिवस भेदभाव रहित सेवा, निःस्वार्थ पूर्ण मित्रता और बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का उदघोष करने वाला दिवस है। ऐसे उद्घोष को आजीवन अपने कथनी करनी में अमल में लाने वाले कान्हा का जन्म दिवस है।अपने जीवन में उन्होंने सद्भावना- सहयोग- सदाचार और मैत्रीभाव को बनाए रखने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। यही वजह है कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि आते ही भारत ही नहीं अपितु विश्व के अनेक देशों का संपूर्ण वातावरण एक दिव्य ऊर्जा से ओत प्रोत हो जाता है।बच्चे- बूढ़े उमंग और उल्लास में डूबे हुए 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' का जयघोष करते हैं। गांव- शहर इस जयघोष से गुंजायमान हो उठता है। शक्ति रियासत के राज पुरोहित शिवकुमार चौबे कहा करते थे कि- सनातन संस्कृति में जन्माष्टमी महज एक व्रत- पूजा का दिन ही नहीं है, बल्कि जनमन के भीतर नवचेतना को जागृत करने वाला महाउत्सव है।असुर, अधर्मी की तरह आचार विचारयुक्त दिनचर्या के बजाय धार्मिक आचरणों को जीवन में उतारने के लिए यह पर्व प्रेरित करता है। धर्म-कर्म से अभीष्ट की आपूर्ति सुनिश्चित होने का शंखनाद भगवान श्री का जीवन करता है। कर्म और आनंद के प्रदाता श्रीकृष्ण का चरित्र किसी एक सांचे में बंधा हुआ नहीं है। एक ओर तो वे गीता के उपदेशक के रूप में जीवन के सबसे कठिन दर्शन को बड़ी सरलता से समझाते हैं, वहीं माखनचोर, मुरलीधर और रास रचैया के रूप में जीवन को उत्सव मानिंद जीने की प्रेरणा भी देते हैं। मथुरा नरेश क्रूर कंस के अत्याचारों के विरुद्ध खड़े होकर , निर्भयता पूर्वक उससे जूझते हुए उसका अंत करके श्री कृष्ण ने संदेश दिया कि स्व की रक्षा के लिए खड़े होने वाले की मदद ईश्वर अवश्य करते हैं। गरीब सुदामा के साथ उनकी सच्ची मित्रता, उनका प्रगाढ़ प्रेम आज के दौर में निःस्वार्थ रिश्तों की सबसे बड़ी मिसाल है। इसीलिए जीवन को संपूर्णता से जीने के दर्शन का महापर्व जन्माष्टमी है। नव पीढ़ी जेन जी जेन अल्फा के साथ पुरानी पीढ़ी का अनूठा संगम इस पर्व में परिलक्षित होता है।अपनी जड़ों से जुड़ी हुई युवा पीढ़ी का जुड़ाव इस पर्व में उत्साह जनक दिखाई देता है। बढ़ चढ़कर युवाओं द्वारा दी जाने वाली भागीदारी ने इस पर्व को अत्यधिक रंगीन और दिलचस्प बना दिया है। जन्माष्टमी पर्व के स्वरूप और तौर-तरीकों में बड़ा बदलाव आ गया है। पौराणिक घटनाओं को वर्तमान संदर्भ से जोड़कर एक से बढ़कर एक थीम बेस्ड डिजीटल झांकियों की नयनाभिराम प्रस्तुतियां होने लगी हैं। कंस वध, कालिया नाग मर्दन' गोवर्धन पर्वत, सुदामा भेंट, कुरूप कुबजा वृद्धा को सुंदर स्वरूप देने, महाभारत का द्रौपदी प्रसंग चलित झांकियों में जीवंत दृष्टव्य होते हैं। पहले की तरह अब केवल चमकीले कागज, कपड़े, मिट्टी- लकड़ी के खिलौनों से झांकियां नहीं सजतीं।

अब तो नई पीढ़ी ने लाइटिंग की मार्डन टेक्नोलॉजी सहित थ्री डी प्रोजेक्शन और मोशन सेंसर को झांकियों में समाहित करके जन्माष्टमी झांकी के प्रति जनाकर्षण को बढ़ा दिया है।कह सकते हैं कि जन्माष्टमी में प्राचीन परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समन्वय दिखता है।कान्हा के प्रति अगाध श्रद्धा, उपवास का नियम और अर्धरात्रि को बाल-गोपाल के प्राकट्य पर होने वाला उत्सव आज भी वही है जो सदियों पहले था। इसे अक्षुण्ण बनाए हुए कान्हा की पूजा के साथ ही उनके विचारों को भी आत्मसात करें। कर्म को ही पूजा बनाए हुए जीवन के हरेक पल को उत्सव की तरह जिएं। रहें प्रेम से कहें दिल से- *कर्म तेरा अच्छा है,तो किस्मत तेरी दासी है। नियत तेरी साफ है, तो घर में मथुरा काशी है*

**द्वारिकाधीस की जय हो।**

***विजय मिश्रा 'अमित'***

**अग्रोहा कालोनी रायपुर (छग)**

# शहरी बाढ़: बारिश का संकट या नियोजन की विफलता?

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



भारत के शहर हर मानसून में एक ही कहानी दोहराते दिखाई देते हैं—कुछ घंटों की तेज बारिश, सड़कों पर जमा पानी, जाम में फँसी गाड़ियाँ, डूबते अंडरपास, घरों और दुकानों में घुसता पानी और प्रशासन की ओर से राहत एवं निकासी की कवायद। दिल्ली-एनसीआर और गुरुग्राम जैसे तेजी से विकसित होते महानगरीय क्षेत्र इसका उदाहरण हैं। सवाल यह है कि क्या इन शहरों में बाढ़ केवल अत्यधिक बारिश का परिणाम है? जवाब है—नहीं। शहरी बाढ़ प्राकृतिक वर्षा और मानवीय अव्यवस्था के बीच पैदा हुआ संकट है। बदलते मौसम ने खतरा जरूर बढ़ाया है, लेकिन खराब शहरी नियोजन और कमजोर शासन व्यवस्था ने उसे आपदा में बदलने का काम किया है। शहरी बाढ़ उस स्थिति को कहा जाता है जब वर्षा का पानी शहर की जल निकासी, जमीन में पानी के रिसाव और प्राकृतिक अथवा कृत्रिम जल-संग्रहण क्षमता से अधिक हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी को खेतों, तालाबों और प्राकृतिक नालों के माध्यम से फैलने और जमीन में समाने की जगह मिल जाती है, लेकिन शहरों में बढ़ता कंक्रीटीकरण पानी के प्राकृतिक रास्ते बंद कर देता है। परिणामस्वरूप थोड़ी अवधि में हुई अत्यधिक बारिश भी व्यापक जलभराव पैदा कर देती है।

भारत के शहरों के बाढ़-प्रवण होने का पहला बड़ा कारण बदलते वर्षा पैटर्न हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण कई क्षेत्रों में कम समय में बहुत अधिक बारिश होने की घटनाएँ बढ़ रही हैं। पुराने समय के औसत वर्षा आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई जल निकासी प्रणालियाँ ऐसी तीव्र बारिश को संभालने में सक्षम नहीं हैं। दिल्ली-एनसीआर में तीव्र मानसूनी बारिश इसका उदाहरण है। समस्या केवल कुल वर्षा की मात्रा की नहीं, बल्कि बारिश के कम समय में अत्यधिक केंद्रित हो जाने की भी है। दूसरा बड़ा कारण तेजी से बढ़ता कंक्रीटीकरण है। गुरुग्राम जैसे शहरों में पिछले कुछ दशकों में आवासीय कॉलोनियों, ऊँची इमारतों, व्यावसायिक परिसरों और सड़कों का तेजी से विस्तार हुआ है। पहले जो जमीन बारिश के पानी को सोखती थी, वह अब सीमेंट और डामर से ढकी है। इससे भूजल पुनर्भरण घटता है और सतही बहाव बढ़ जाता है। जब बड़ी मात्रा में पानी एक साथ सड़कों और नालियों की ओर आता है, तो जल निकासी तंत्र जल्दी ही जवाब दे देता है।

प्राकृतिक नालों और जल-मार्गों पर अतिक्रमण भी शहरी बाढ़ को गंभीर बनाता है। शहरों का विकास अक्सर इस तथ्य को नजरअंदाज कर देता है कि हर जलधारा का अपना प्राकृतिक प्रवाह क्षेत्र होता है। नालों को संकरा करना, उन्हें ढक देना या उनके किनारे निर्माण करना पानी के बहाव में बाधा डालता है। इसी तरह तालाबों, झीलों और आर्द्रभूमियों का खत्म होना शहरों से प्राकृतिक जल-संग्रहण क्षेत्र छीन लेता है। दिल्ली-एनसीआर में आर्द्रभूमियों और जल निकायों का क्षरण इसी समस्या की ओर संकेत करता है। कमजोर और असंगठित स्टॉर्म-वॉटर ड्रेनेज व्यवस्था समस्या को और बढ़ाती है। अनेक शहरों में नालियों की क्षमता स्थानीय जरूरतों और वर्तमान वर्षा परिस्थितियों के अनुरूप नहीं बढ़ाई गई है। कई स्थानों पर सीवर और वर्षा जल निकासी की प्रणालियाँ आपस में जुड़ी हुई हैं, जिससे भारी बारिश के दौरान दोनों व्यवस्थाएँ प्रभावित होती हैं। इसके अतिरिक्त प्लास्टिक और अन्य ठोस कचरा नालियों को अवरुद्ध कर देता है। यानी बारिश जितनी बड़ी समस्या है, उतनी ही बड़ी समस्या वह कचरा भी है जिसे हम स्वयं जल निकासी तंत्र में पहुँचा देते हैं। इसलिए शहरी बाढ़ को केवल प्राकृतिक आपदा मानना उचित नहीं है। यह शासन की विफलता भी है। शहरों में सड़क, भवन निर्माण, जल निकासी, भूमि उपयोग, पर्यावरण और आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारियाँ अक्सर अलग-अलग एजेंसियों में बँटी होती हैं। जब किसी क्षेत्र में जलभराव होता है तो जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। समन्वय के अभाव में एक विभाग सड़क बनाता है, दूसरा नाला बनाता है और तीसरा भूमि उपयोग की अनुमति देता है, लेकिन पूरे जलग्रहण क्षेत्र को एक इकाई मानकर योजना नहीं बनाई जाती। शहरों के मास्टर प्लान में भी बाढ़ जोखिम और जलग्रहण क्षेत्रों को पर्याप्त महत्व नहीं मिलता। निचले इलाकों, बाढ़ के प्राकृतिक मैदानों और जल निकायों के आसपास निर्माण को नियंत्रित करने के नियम मौजूद होने के बावजूद उनका प्रभावी पालन नहीं हो पाता। अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण धीरे-धीरे प्राकृतिक जल मार्गों को खत्म करते जाते हैं। आपदा आने के बाद राहत और बचाव पर जोर देने के बजाय आपदा से पहले जोखिम कम करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

जलवायु-लचीले शहरों के निर्माण के लिए सबसे पहले शहर को केवल इमारतों और सड़कों का समूह नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक जलग्रहण क्षेत्र मानना होगा। इसके लिए 'स्पंज सिटी' की अवधारणा उपयोगी हो सकती है। इसका उद्देश्य बारिश के पानी को तेजी से बाहर निकालने के बजाय उसे शहर के भीतर रोकना, सोखना और पुनः उपयोग करना है। पार्किंग क्षेत्रों, फुटपाथों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर पारगम्य सतहें, वर्षा उद्यान, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग और स्थानीय जल-संग्रहण संरचनाएँ विकसित की जा सकती हैं। इसी के साथ 'ब्लू-ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर' को शहरी नियोजन का हिस्सा बनाना होगा। तालाब, झीलें, आर्द्रभूमियाँ, नदियाँ, नाले, शहरी वन और हरित क्षेत्र केवल सौंदर्य के साधन नहीं हैं; वे शहर की प्राकृतिक बाढ़-रोधी प्रणाली हैं। इनके संरक्षण और पुनर्जीवन से पानी को रोकने, जमीन में उतारने और तापमान नियंत्रित करने में मदद मिलती है। भविष्य की जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्टॉर्म-वॉटर ड्रेनेज की डिजाइन क्षमता भी बदलनी होगी। पुराने वर्षा आंकड़ों पर निर्भर रहने के बजाय अद्यतन जलवायु मॉडल और चरम वर्षा अनुमानों को योजना में शामिल करना आवश्यक है। GIS आधारित बाढ़-जोखिम मानचित्र तैयार करके यह निर्धारित किया जा सकता है कि किन क्षेत्रों में निर्माण सीमित होना चाहिए और कहाँ अतिरिक्त जल-संग्रहण क्षमता विकसित करने की जरूरत है। स्थानीय निकायों को वित्तीय संसाधन, तकनीकी विशेषज्ञता और निर्णय लेने की पर्याप्त शक्ति देना भी जरूरी है। प्रत्येक शहर के लिए व्यापक Urban Flood Risk Management Plan तैयार होना चाहिए, जिसमें जल निकासी, भूमि उपयोग, जल निकायों, कचरा प्रबंधन और आपदा प्रबंधन को एकीकृत किया जाए। नगर निकायों और संबंधित एजेंसियों के बीच स्पष्ट जवाबदेही तय होनी चाहिए। अंततः, अत्यधिक बारिश को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन उसे शहरी आपदा बनने से काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके लिए मौसम विज्ञान और जलवायु विज्ञान को शहरी नियोजन से जोड़ना होगा। प्राकृतिक जल निकायों को बचाना होगा, कंक्रीटीकरण को संतुलित करना होगा और प्रशासनिक जवाबदेही मजबूत करनी होगी। शहरों को केवल बारिश के बाद पानी निकालने वाले नहीं, बल्कि बारिश के पानी को समझदारी से संभालने वाले शहर बनाना होगा। जलवायु परिवर्तन के दौर में शहरी बाढ़ से लड़ने का रास्ता अधिक पंप और अधिक राहत नहीं, बल्कि बेहतर नियोजन, मजबूत स्थानीय शासन और प्रकृति के साथ चलने वाली शहरी व्यवस्था है।

## एक नजर

### पुलिस ने त्यौहारों के लिए दिए निर्देश



**दुर्ग,3 सितंबर (तछसं.)।** आगामी त्योहारों को देखते हुए दुर्ग पुलिस और प्रशासन ने कानून-व्यवस्था, यातायात, ध्वनि प्रदूषण और सुरक्षा को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में डीजे, साउंड सिस्टम, पंडाल और किराया भंडार संचालकों की बैठक हुई। इसमें 50 से अधिक संचालक और डीजे संघ के पदाधिकारी शामिल हुए अधिकारियों ने नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) शोभराज अग्रवाल ने डीजे और साउंड सिस्टम संचालकों को सार्वजनिक स्थानों पर निर्धारित मानक के भीतर ध्वनि रखने के निर्देश दिए रात 10 से सुबह छह बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र और वाद्य यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। वाहनों पर डीजे या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने पर भी रोक रहेगी अस्पताल, स्कूल, न्यायालय और सरकारी कार्यालयों के आसपास 100 मीटर क्षेत्र साइलेंस जोन के नियमों के तहत रहेगा उल्लंघन पर जब्ती की कार्रवाई होगी निगम की अनुमति के बाद ही पंडाल संचालकों को व्हाइट मार्किंग के भीतर ही पंडाल लगाने और मुख्य मार्ग, यातायात व आपातकालीन रास्ते बाधित नहीं करने की हिदायत दी गई आयोजन से पहले नगर निगम और संबंधित विभागों से अनुमति लेना अनिवार्य होगा फायर सेफ्टी, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के साथ पंडाल की क्षमता और संरचना का सुरक्षा ऑडिट भी कराना होगा अधिकारियों ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन के लिए सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा।

### मोबाइल दुकान और गैरेज से चोरी के मामले में एक गिरफ्तार



**बीजापुर 3 सितंबर (तछसं.)।** कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम ने मोबाइल दुकान से 9 मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल समेत करीब 5 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, मोबाइल जोन दुकान के संचालक रोशन गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 और 27 अगस्त की दरम्यानी रात दुकान से 9 मोबाइल फोन चोरी हो गए। वहीं, बिलासपुर निवासी महेंद्र कुमार निर्मलकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक CGv®BV 5485 को बीजापुर के एक गैरेज से चोरी कर लिया गया था।दोनों मामलों की जांच के दौरान पुलिस और साइबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध की पहचान की। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की दोनों घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया।पुलिस ने लखन समतुल (23), निवासी कोटेर डोंगरीपारा, थाना बीजापुर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल सहित करीब 5 लाख रुपए का सामान बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र मीणा, अमन कुमार एवं रमन कुमार झा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी अभिषेक केसरी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई।

### जंगल से डंप किए गए हथियार बरामद



**बीजापुर 3 सितंबर (तछसं.)।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत भोपालपटनम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम नीलमडगु के जंगल में नदी किनारे एक पेड़ के खोखर में छिपाकर रखा हथियार और गोला-बारूद का डंप बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, 1 सितंबर को थाना भोपालपटनम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीलमडगु के जंगल में नदी किनारे संदिग्ध सामग्री छिपाई गई है। सूचना के आधार पर संयुक्त सुरक्षा बल को मौके पर रवाना किया गया। सर्चिंग के दौरान कटे हुए पेड़ के खोखर से लावारिस हालत में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। बरामद सामग्री में 12 बोर देशी कट्टा, एक टूटी हुई BGL राइफल, 8 क्ललरुसेल, 12 बोर कट्टे के 10 जिंदा राउंड, 3 सेल कैप, एक पेंचिस और एक पिट्ठू बैग शामिल है। पुलिस ने सभी सामग्री को विधिवत जब्त कर सुरक्षित कब्जे में लिया है। बरामदगी के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा सर्चिंग अभियान जारी रखा गया।कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन में SDOP भोपालपटनम घनश्याम कामड़े, थाना प्रभारी मुकेश पटेल, DRG बीजापुर, BDS टीम और थाना भोपालपटनम के जवानों द्वारा की गई।

---

पाटन के फुंडा सेवा सहकारी समिति में किसानों से किया संवाद

# कीचड़ भरे रास्तों को पार कर नक्सल पीड़ितों के घर पहुंचे डॉ. प्रेमा साईं





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 3 सितंबर।** बस्तर के घने जंगलों और दुर्गम इलाकों में बारिश, कीचड़ और खराब रास्तों की चुनौती के बीच मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमा साईं महाराज नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे। यमपुर (पामेड़) से नेलाकांकेर तक की इस यात्रा में उन्होंने पीड़ित परिवारों का हाल जाना, आर्थिक सहयोग दिया और बच्चों को कपड़े व शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उन्हें यह भरोसा दिलाया कि वे अकेले नहीं हैं।

यमपुर पहुंचने के दौरान भारी बारिश और कीचड़ के कारण महाराज जी के काफिले को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एक वाहन कीचड़ में फंस गया, जबकि दूसरी गाड़ी खराब हो गई। इसके बावजूद यात्रा नहीं रोकी गई और कठिन रास्तों को पार कर वे ग्रामीणों के बीच पहुंचे।

### दो परिवारों को 21-21 हजार की मदद

यमपुर में डॉ. प्रेमा साईं ने वर्ष 2025 में नक्सल हिंसा में जान गंवाने वाले सुन्नम सम्मैया और वेक्को संदीप के परिवारों से मुलाकात की। सुन्नम सम्मैया की पत्नी नर्सम्मा और उनके दो छोटे बच्चों से उन्होंने परिवार की स्थिति जानी। वहीं वेक्को संदीप की पत्नी आरती और नौ वर्षीय बेटे से भी बातचीत की। दोनों परिवारों को 21-21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। महिलाओं को साड़ी तथा बच्चों को कपड़े, कॉपी, पेन, कंपास बॉक्स और चप्पल वितरित की गईं। ग्रामीणों को दिव्य कवच और भभूति भी प्रदान की गई।

### बेटी संध्या का कन्यादान करेंगे महाराज

नेलाकांकेर में पीड़ित परिवार से बातचीत के दौरान डॉ. प्रेमा साईं ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि तिरुपति सोढ़ी की बेटी संध्या की शादी का पूरा खर्च वे स्वयं उठाएंगे और कन्यादान भी करेंगे। इस घोषणा के बाद परिवार के सदस्यों के साथ ग्रामीण भी भावुक हो उठे। यह पहल महज आर्थिक सहायता से आगे बढ़कर एक परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेने का संदेश देती नजर आई।

### रवि कट्टम के परिवार को भी 31 हजार की सहायता

नेलाकांकेर में ही महाराज जी ने वर्ष 2026 में नक्ल हिंसा में मारे गए 23 वर्षीय रवि कट्टम के परिवार से मुलाकात की। रवि अपने परिवार की इकलौती संतान थे। परिवार की परिस्थितियों को समझने के बाद उन्होंने 31 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की और भविष्य में भी यथासंभव मदद का भरोसा दिलाया।

### बच्चों के पैरों में खुद पहनाई चप्पल

सहायता वितरण के दौरान डॉ. प्रेमा साईं का बच्चों के प्रति आत्मीय व्यवहार भी देखने को मिला। उन्होंने बच्चों को कपड़े, स्कूल बैग, कॉपी, पेन, कंपास बॉक्स और चप्पल वितरित कीं। कई बच्चों के पैरों में उन्होंने खुद चप्पल पहनाई। बच्चों को दुलारते हुए देखकर ग्रामीण भावुक नजर आए।

### बोले-पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाना जरूरी

डॉ. प्रेमा साईं ने कहा कि नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों की पीड़ा केवल उनकी व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी बात सुनना और जरूरत के समय उनके साथ खड़ा होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सहायता का उद्देश्य केवल आर्थिक मदद देना नहीं है, बल्कि पीड़ित परिवारों को यह विश्वास दिलाना है कि वे अकेले नहीं हैं, समाज उनके साथ खड़ा है।

ग्रामीणों से संवाद के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा का उल्लेख करते हुए उन्हें 'देव पुरुष' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से बस्तर में शांति और सामान्य जीवन की उम्मीद मजबूत हुई है। शांति और विकास के प्रयासों का लाभ नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों तक पहुंचना जरूरी है।

### ग्रामीणों के बीच बैठकर किया भोजन

दुर्गम रास्तों की परेशानियों के बावजूद डॉ. प्रेमा साईं ने ग्रामीणों के साथ समय बिताया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर भोजन भी किया। उनके इस आत्मीय व्यवहार से ग्रामीणों में अपनत्व और भरोसे का भाव नजर आया। इसके बाद वे नेलाकांकेर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। यहां उन्होंने वर्ष 2026 में नक्सल हिंसा में मारे गए 40 वर्षीय तिरुपति सोढ़ी के परिवार से मुलाकात की। पत्नी शांति और पांच संतानों वाले परिवार की स्थिति जानने के बाद उन्होंने 31 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

---

# लौह अयस्क अवशेषों के कृषि उपयोग पर एएम-एनएस इंडिया और आईसीएआर-आईएआरआई में समझौता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नई दिल्ली, 3 सितंबर।** कृषि में लौह अयस्क अवशेषों के सतत उपयोग की संभावनाओं पर वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आर्सेलरमित्तल निपॉन स्टील इंडिया और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईएआरआई) के बीच समझौता हुआ है। इसका उद्देश्य खनन अवशेषों को उपयोगी कृषि संसाधन में बदलकर चक्रीय अर्थव्यवस्था और सतत विकास को बढ़ावा देना है।

यह समझौता वर्ष 2024 में शुरू किए गए प्रारंभिक अध्ययनों पर आधारित है। अनुसंधान में सामने आया कि लौह अयस्क अवशेषों में सिलिका, आयरन ऑक्साइड, एल्युमिना, कैल्शियम, मैग्नीशियम सहित कई खनिज और पोषक तत्व मौजूद हैं, जिनका उपयोग मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने में किया जा सकता है।आईएआरआई नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ के किरंदुल स्थित एएम/एनएस इंडिया के संयंत्र के आसपास किए गए प्रयोगशाला और मैदानी परीक्षणों में धान, गेहूं तथा सब्जियों के लिए इन अवशेषों के संभावित उपयोग के उत्साहजनक परिणाम मिले हैं।नए समझौते के तहत कई मौसमों में दीर्घकालिक अध्ययन किए जाएंगे। इनमें फसल की प्रतिक्रिया, पोषक तत्वों की उपलब्धता, विषाक्तता, रिसाव और पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा। इससे लौह अयस्क अवशेषों के सुरक्षित और लाभकारी कृषि उपयोग के लिए वैज्ञानिक आधार तैयार होगा।एएम/एनएस इंडिया के निदेशक एवं उपाध्यक्ष-प्रौद्योगिकी हीरो इशिबाशी ने इसे संसाधन संरक्षण और सतत कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। डॉ. भूपिंदर सिंह ने कहा कि इससे कमजोर मिट्टी में आयरन की कमी दूर करने और फसलों में आयरन की मात्रा बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने में मदद मिलेगी।

---

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का 9वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव, 3 सितंबर।** को कोंडागांव उपडाकघर में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) का 9वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा केक काटकर स्थापना दिवस की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में उपसंभागीय निरीक्षक सुभाष कुमार भुआर्य, शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता एवं उपडाकपाल एस.एल. गोटी सहित डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर नईम खान, अनिल दिवान, दयाराम ध्रुव, शेख रुहूल ताज, कवित्त ठाकुर, नम्रता बंधैया, संदीप राव, देवेंद्र ठाकुर, हरेंद्र यादव, डिकेश मिर्झा, चिरंजीव पोयाम, गीतेश राव, कुंदन कुमार, पुंकेश्वर सिन्हा, मेघा ठाकुर, मुस्कान पटेल, रामलाल पटेल, भूपेंद्र महिलांगे, आशीष कुमार, सतीश एवं अभय



बारेकर उपस्थित रहे।कार्यक्रम में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की सेवाओं के माध्यम से आमजन तक सरल, सुगम एवं डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प को दोहराया गया। साथ ही, अधिक से अधिक लोगों को IPPB की बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

---

72 पुल-पुलियों का काम अधूरा, बारिश में धंस रही सड़क; प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा

# चार साल से अधूरी सड़क पर बढ़ गई है हादसे की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 3 सितंबर।** दंतेवाड़ा से बैलाडीला तक करीब 35 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य को शुरू हुए चार साल से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा है। इस सड़क निर्माण के दौरान कई लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई लोग घायल भी हुए हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

अब यही अधूरी सड़क बारिश के मौसम में बड़े हादसे का संकेत दे रही है। दंतेवाड़ा से करीब 25 किलोमीटर दूर नेरली सीआरपीएफ कैंप के पास पुल और सड़क के किनारे की मिट्टी भारी बारिश के कारण तेजी से कट रही है। सड़क पर जगह-जगह दरारें आने लगी हैं और कई हिस्सों में सड़क दबने की स्थिति में पहुंच गई है। सड़क किनारे रिटेनिंग वॉल का निर्माण नहीं होने के कारण बारिश का पानी मिट्टी को लगातार काट रहा है, जिससे



कभी भी सड़क का बड़ा हिस्सा धंस सकता है

बताया जा रहा है कि करीब 35 किलोमीटर के इस सड़क निर्माण कार्य में छोटी-बड़ी मिलाकर 72 पुल-पुलिया, नाली निर्माण और सड़क किनारे आरसीसी निर्माण किया जाना था। लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति और कथित लापरवाही के चलते आज भी कई निर्माण अधूरे हैं और कुछ पुल-पुलियों की हालत जर्जर बनी हुई हैंसबसे बड़ी चिंता यह है कि इसी मार्ग से रोजाना सैकड़ों भारी वाहन और बसों का आवागमन होता है। वहीं जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का भी इस मार्ग से लगातार आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद सड़क की बिगड़ती हालत पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।यदि बारिश के चलते सड़क का यह हिस्सा धंसता है तो दंतेवाड़ा-बैलाडीला मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित होने का खतरा है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार विभाग और जिला प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों कर रहे हैं?चार साल से अधूरा निर्माण, जर्जर पुल और अब धंसती सड़क–क्या प्रशासन की नींद किसी बड़े हादसे के बाद खुलेगी?

---

# ड्राइवर दिवस पर वरिष्ठ ड्राइवरों का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 3 सितंबर ।** गीदम में छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा ड्राइवर दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर के मुख्य मार्ग पर तिरंगा रैली निकाली गई। कार्यक्रम के साथ ही हारम स्थित वृद्धा आश्रम में सेवा कार्य भी किया गया, जहां ड्राइवर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वृद्धजनों को कपड़े वितरित किए।कार्यक्रम में हारम ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती प्रमिला सुराणा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, नगर पंचायत पार्षद श्रीकांत राव, यातायात प्रभारी निरीक्षक मुकेश ताती, सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र त्रिपाठी, विभिन्न ग्रामों के सरपंच, वृद्धा आश्रम संचालक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।इस दौरान अतिथियों ने ड्राइवर दिवस की बधाई देते हुए समाज और देश के विकास में ड्राइवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना ने कहा कि ड्राइवर एक ऐसे सारथी हैं, जो लोगों को सुरक्षित उनकी मंजिल तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। मानव समाज में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। यदि ड्राइवर न हों तो वाहनों का संचालन रुक जाएगा और परिवहन व्यवस्था प्रभावित होगी, जिसका सीधा असर विकास कार्यों और आम जनजीवन पर पड़ेगा।

---

# टूटा पुल देखकर विधायक ने वैकल्पिक रास्ते का काम शुरू कराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 3 सितंबर।** कोसमबुड़ा-सारागांव, चूरकीदादर मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुल के कारण उत्पन्न हुए आवागमन संकट को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू बुधवार को स्वयं मौके पर पहुंचे। पुल की जमीनी स्थिति का निरीक्षण करने के बाद विधायक ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वयं ही मोर्चा संभालते हुए जेसीबी और ट्रैक्टर बुलवाए तथा वैकल्पिक रास्ते को दुरुस्त कराने का काम तत्काल शुरू कराया। खास बात यह रही कि विधायक स्वयं मौके पर खड़े रहकर पूरी व्यवस्था की निगरानी करते रहे। विदित हो कि पुल टूटने के कारण क्षेत्र की करीब 10 पंचायतों के ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा था। बारिश के मौसम में रास्ता बाधित होने से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, किसानों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों को हो रही थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने मौके पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

### टूटे पुल के पास लगी चौपाल, अधिकारी-कर्मचारियों से आमने-सामने चर्चा





निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने टूटे पुल के पास ही चौपाल लगाकर जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और ग्रामीणों के साथ चर्चा की। इस दौरान पुल की वर्तमान स्थिति, आवागमन में आ रही बाधा, वैकल्पिक रास्ते और स्थायी समाधान को लेकर विस्तार से जानकारी ली गई। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण आम जनता को किसी भी स्थिति में आवागमन के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। पहले वैकल्पिक रास्ते को चालू कराया जाए, उसके बाद स्थायी समाधान की दिशा में कार्रवाई तेज की जाए। उन्होंने मौके पर ही आवश्यक मशीनरी लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से वैकल्पिक मार्ग को आवागमन योग्य बनाने का काम शुरू कर दिया गया। विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता का आवागमन किसी भी हालत में लंबे समय तक बाधित नहीं रहना चाहिए। क्षतिग्रस्त पुल की स्थायी मरम्मत या पुनर्निर्माण में समय लग सकता है, लेकिन तब तक लोगों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध कराया जाना जरूरी है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि पुल टूटने के बाद उन्हें अपने जरूरी कामों के लिए आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। बच्चों को स्कूल जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद स्कूली छात्रों से सीधे संवाद किया और उनसे पूछा कि टूटे पुल के कारण स्कूल आने-जाने में किस तरह की परेशानी हो रही है। बच्चों और ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं विधायक के सामने रखीं। विधायक ने कहा कि बारिश के मौसम में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैकल्पिक मार्ग ऐसा बनाया जाए, जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चों का आवागमन भी सुरक्षित और सुगम हो सके। कोसमबुड़ा-सारागांव मार्ग का यह पुल आसपास के कई गांवों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से करीब 10 पंचायतों के लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों के लिए यह मार्ग शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि कार्य, बाजार और दैनिक जरूरतों से जुड़ा गंभीर संकट बन गया था। ऐसे में विधायक द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेना और मौके से ही मशीनरी लगवाकर वैकल्पिक रास्ते का काम शुरू कराना ग्रामीणों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है।मौके पर विधायक रोहित साहू ने लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों से पुल की स्थिति और आगे की कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में प्रशासन को तत्काल सक्रिय होकर लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि वैकल्पिक लोगों के सुरक्षित आवागमन के लिहाज से मजबूत और उपयोगी हो। साथ ही क्षतिग्रस्त पुल की स्थायी मरम्मत/पुनर्निर्माण की दिशा में भी आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता रामेश्वर सिंग , छुरा एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, एसडीओ के.पी. सकरिया,केशरी साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, तोकेश्वरी मांझी पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत,जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, भाजपा नेता राजू साहू, थानसिंग निषाद, रिंकू सचदेव, रामलाल कुलदीप, सूजल कोठारी, दादरगांव सरपंच दुवासु राम,दादरगांव के उपसरपंच, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री यामिनी चंद्राकर, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### वैकल्पिक रास्ते से राहत, अब स्थायी समाधान की उम्मीद

मौके पर जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर वैकल्पिक मार्ग का काम शुरू होने से ग्रामीणों में राहत की उम्मीद जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि तत्काल वैकल्पिक रास्ता बनना जरूरी था, लेकिन इसके साथ ही टूटे पुल का स्थायी और मजबूत समाधान भी जल्द किया जाना चाहिए। फिलहाल विधायक रोहित साहू की पहल के बाद प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ है और मौके पर वैकल्पिक व्यवस्था का काम शुरू हो गया है। अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर है कि अस्थायी व्यवस्था के साथ क्षतिग्रस्त पुल के स्थायी पुनर्निर्माण की कार्रवाई कितनी तेजी से आगे बढ़ती है।

## एक नजर

### खाद्य सुरक्षा मानकों का 400 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को दिया निःशुल्क प्रशिक्षण



**रायगढ़, 3 सितम्बर।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत जिले में 400 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। रायगढ़ ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़, तमनार और घरघोड़ा में दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सहायिकाओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सहायिकाओं को साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने, भोजन तैयार करने एवं परोसने में आवश्यक सावधानियों तथा पौष्टिक खान-पान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी सहायिकाओं का सीधा संबंध छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं से रहता है। ऐसे में उनके माध्यम से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तक सुरक्षित, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन की जानकारी पहुंचाने को महत्वपूर्ण बताया गया।

### आईटीआई रायगढ़ में रोजगार मेला 7 सितंबर को, 312 पदों पर भर्ती

**रायगढ़, 3 सितम्बर ।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) रायगढ़ में 7 सितंबर को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा अलग-अलग पदों पर भर्ती की जाएगी।आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार शार्मिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के लिए फील्ड टेक्नीशियन के 250 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए आईटीआई इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, वायरमैन अथवा फिटर ट्रेड उत्तीर्ण पुरुष अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थी के पास मोटरसाइकिल एवं ड्राइविंग लाइसेंस होना आवश्यक है। वेतन 15,100 रुपये प्रतिमाह से अधिक तथा यात्रा भत्ता दिया जाएगा। वहीं ऑटोसेंटर रायगढ़ (महिंद्रा शोरूम) में कुल 62 पदों पर भर्ती होगी। इसमें टेक्नीशियन के 15, फ्लोर सुपरवाइजर के 4, इलेक्ट्रीशियन के 2, सर्विस एडवाइजर के 5, वारंटी इंचार्ज के 2, ड्राइवर के 5, पीडीआई इंचार्ज के 5, पार्ट्स पिकर के 5, कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजर के 2, सेल्स कंसल्टेंट के 15 तथा फ्लोर सुपरवाइजर के 2 पद शामिल हैं। इन पदों के लिए संबंधित आईटीआई ट्रेड, डिप्लोमा, डिग्री अथवा स्नातक योग्यता निर्धारित की गई है। वेतन 10 हजार से 15 हजार रुपये प्रतिमाह तक रहेगा। रोजगार मेले में कुल 312 पदों पर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 7 सितंबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बोईरदादर, रायगढ़ में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं।

### चक्रधर समारोह में आने वाले कलाकारों के लिए रेलवे स्टेशन पर रहेगी विशेष व्यवस्था

**रायगढ़, 3 सितम्बर ।** 41 वें चक्रधर समारोह-2026 को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां जारी है। 14 से 23 सितंबर तक स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित समारोह में देश-प्रदेश के नामचीन कलाकारों का आगमन होगा। कलाकारों के रायगढ़ पहुंचने से लेकर उनके सुगम आवागमन और आवश्यक समन्वय तक की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह समिति के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया है।कलाकारों के रायगढ़ आगमन पर उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और रेलवे स्टेशन से ही आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जा सके, इसके लिए रायगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-01 पर 14 से 23 सितंबर तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं आवश्यक समन्वय के लिए श्री मनोज कुमार पटेल, सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मकलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों की ड्यूटी तीन पालियों में निर्धारित की गई है। प्रथम पाली सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा तृतीय पाली रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रहेगी। इस दौरान तैनात कर्मचारी स्टेशन पर पहुंचने वाले कलाकारों से समन्वय करते हुए उन्हें आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराएंगे। प्रथम पाली की जिम्मेदारी श्री खेमराज पटेल, राजस्व निरीक्षक (नजूल शाखा), पटवारी श्री सुधीर पण्डा एवं चैनमेन श्री योगेन्द्र सिंह ठाकुर को सौंपी गई है। द्वितीय पाली में श्री छबीकरण उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक (नजूल शाखा), पटवारी श्री शुक्ला कुमार प्रधान एवं हरिनारायण यादव तथा तृतीय पाली में श्री नूतन प्रसाद पैंकरा, राजस्व निरीक्षक, पटवारी श्री अभिषेक साहू एवं श्री नीरज कुमार पैंकरा को दायित्व दिया गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं, ताकि समारोह में आने वाले कलाकारों को रायगढ़ पहुंचने के बाद किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### नगर पंचायत तमनार में वार्ड आरक्षण की कार्रवाई 8 सितंबर को

**रायगढ़, 3 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम, 1994 के तहत नगर पंचायत तमनार में वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही 8 सितंबर 2026 को की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार वार्ड आरक्षण की कार्यवाही 8 सितंबर को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय के सृजन कक्ष में आयोजित होगी। इच्छुक नागरिक वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रह सकते है।

शीतला मंदिर प्रांगण में चौपाल लगाकर

# विधायक ने नगरवासियों,पार्षदों,जनप्रतिनिधियों से संवाद किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा,3 सितंबर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक रोहित साहू की सक्रियता एक बार फिर उस समय देखने को मिली, जब बुधवार को उन्होंने छुरा नगर के शीतला मंदिर प्रांगण में चौपाल लगाकर नगरवासियों, पार्षदों और जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद किया। किसी औपचारिक बैठक तक सीमित रहने के बजाय विधायक ने जनता के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को कई मामलों में तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित इस चौपाल में नगर की मूलभूत सुविधाओं से लेकर धार्मिक स्थल के विकास, सड़क-नाली निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के लिए शिविर लगाने तथा शराब दुकान के स्थानांतरण जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। विधायक ने एक-एक कर समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए समाधान की दिशा में पहल करने को कहा। चौपाल में विधायक रोहित साहू ने कहा कि नगर और राजिम विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं पंच, सरपंच और जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं, इसलिए उन्हें जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं और जनता की अपेक्षाओं का अनुभव है। उन्होंने कहा कि किसी भी नगर पंचायत या ग्राम पंचायत की जनता अपने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से विकास की उम्मीद करती है। जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वह जनता की आवाज सुने और उनकी समस्याओं को संबंधित विभाग तक पहुंचाकर उनके निराकरण के लिए लगातार प्रयास करे। विधायक रोहित साहू ने कहा कि वे राजिम विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में लगातार दौरा कर रहे हैं और जनता से सीधे संवाद के माध्यम से क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं को समझने का प्रयास कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि विकास कार्य कागजों तक सीमित न रहें, उनका लाभ आम लोगों को धरातल पर मिले। शीतला मंदिर प्रांगण के विकास को लेकर विधायक ने अपने चुनाव पूर्व किए गए वादे का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले उन्होंने शीतला मंदिर प्रांगण में टिन शेड निर्माण की घोषणा की थी। घोषणा के बाद टिन शेड के लिए स्वीकृति भी प्राप्त हुई और कार्य प्रारंभ कराने की तैयारी थी। लेकिन कार्य शुरू होने से पहले जब उन्होंने स्वयं मौके का निरीक्षण किया तो उन्हें महसूस हुआ कि स्वीकृत टिन शेड मंदिर प्रांगण की आवश्यकता और क्षेत्रफल के लिहाज से पर्याप्त नहीं होगा। इसके बाद विधायक ने छोटे टिन शेड के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के बजाय भव्य डोम निर्माण कराने का निर्णय लिया। विधायक ने कहा कि शीतला मंदिर छुरा नगर का महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन होते हैं। ऐसे में मंदिर प्रांगण का बेहतर विकास और कायाकल्प आवश्यक है। इसी सोच के साथ टिन शेड की जगह भव्य डोम निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

#### सड़क-नाली और तालाबों की बदलेगी तस्वीर? सीएमओ को स्टीमेट बनाने के निर्देश

चौपाल में नगरवासियों और पार्षदों ने नगर की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। लोगों ने कई वार्डों में नाली निर्माण की आवश्यकता, सड़क की स्थिति तथा नगर के तालाबों के सौंदर्यीकरण का मुद्दा विधायक के सामने रखा।जनता की मांग पर विधायक रोहित साहू ने मौके पर ही नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि नगर में आवश्यक विकास कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर आकलन कर नाली निर्माण, सड़क निर्माण एवं तालाब सौंदर्यीकरण के लिए स्टीमेट तैयार किया जाए। विधायक के इस निर्देश के बाद अब नगरवासियों की नजरें नगर पंचायत की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि प्रस्ताव और स्टीमेट तैयार होने के बाद इन कार्यों को स्वीकृति दिलाकर धरातल पर काम शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा चौपाल में नगरवासियों ने जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर भी अपनी परेशानी विधायक के सामने रखी। लोगों ने बताया कि प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन्हें अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे समय और धन दोनों खर्च होते हैं। नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मांग की कि छुरा नगर में विशेष शिविर आयोजित कर लोगों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाए जाएं, ताकि आम नागरिकों को एक ही स्थान पर सुविधा मिल सके।विधायक ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया।

#### शराब दुकान स्थानांतरण का मुद्दा भी चौपाल में गरमाया

चौपाल के दौरान कोमाखान स्थित शराब दुकान को हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग भी उठी। स्थानीय लोगों ने शराब दुकान के स्थान को लेकर अपनी आपत्ति एवं परेशानी विधायक के सामने रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक रोहित साहू ने मौके पर ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विशाल महाराणा से चर्चा की और शराब दुकान को दूसरी जगह स्थानांतरित करने में आ रही प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने तथा आवश्यक कार्रवाई की दिशा में पहल करने की बात कही। चौपाल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि नगरवासियों को अपनी समस्याएं सीधे विधायक और संबंधित अधिकारियों के सामने रखने का अवसर मिला। सड़क, नाली, तालाब, प्रमाण पत्र, धार्मिक स्थल के विकास और शराब दुकान स्थानांतरण जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई।

## रायगढ़ की बेटियों का अंतरराष्ट्रीय जलवा, भारत को दिलाया कांस्य




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी के प्रोत्साहन और जिला प्रशासन के सहयोग से रायगढ़ की खेल प्रतिभाओं ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लैक्रॉस टूर्नामेंट में भारतीय महिला लैक्रॉस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगापुर को पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम की इस उपलब्धि में रायगढ़ जिले के महलोई क्षेत्र की तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों सोनम बंजारा, शांति प्रधान और मानसी भूमिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अंतरराष्ट्रीय सफलता के बाद तीनों खिलाड़ी अपने कोच श्री देवावतार चौधरी के साथ कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी से मिलने कलेक्टोरेट पहुंचीं। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि रायगढ़ की बेटियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर पदक जीतना पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी हरसंभव सहयोग और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे एवं एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो उपस्थित थे।

कोच श्री देवावतार चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम ने बेहतरीन खेल कौशल और जुझारू प्रदर्शन का परिचय दिया। सिंगापुर के खिलाफ मुकाबले में टीम ने शानदार जीत दर्ज कर कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी एवं जिला प्रशासन से लगातार सहयोग और प्रोत्साहन मिला है। खिलाड़ियों एवं कोच ने भी इस सहयोग के लिए वित्त मंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संस्कार, संस्कृति और सेवा को मिलेगी नई दिशा, महिला प्रकोष्ठ ने कसी कमर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा,3 सितंबर।** ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ, तहसील छुरा की महत्वपूर्ण बैठक मानस मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में समाज के आगामी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को गरिमापूर्ण, व्यवस्थित और सफल बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वहीं संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, धार्मिक आयोजनों, समाजसेवा तथा महिलाओं की सक्रिय सहभागिता सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सदस्यों ने समाज की एकता, संस्कार, संस्कृति और सेवा कार्यों को प्राथमिकता देते हुए महिला प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बबिता दीक्षित को उपाध्यक्ष, गायत्री दुबे को सचिव, योगेश्वरी शर्मा को सह-कोषाध्यक्ष, शीला त्रिपाठी को सांस्कृतिक प्रभारी प्रमुख, शशि शर्मा को समाज सेवा प्रकोष्ठ प्रभारी, गीता शर्मा को धार्मिक आयोजन प्रभारी तथा अदिति पाण्डेय को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। वहीं केशर पाण्डेय, शालिनी चौबे एवं रंजीता शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित महिलाओं ने कहा कि सभी के नेतृत्व, सक्रिय सहभागिता और समर्पण से ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। महिला प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज की महिलाओं को एकजुट कर धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों में उनकी भागीदारी को और अधिक बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

## जो आपके लिए अतिरिक्त, हो सकता है खास जरूरतमंदों के लिए: डॉ. साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा,3 सितंबर।** समाज के प्रति सकारात्मक सोच, मानवता की सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आई.एस.बी.एम. विश्वविद्यालय,नवापारा (कोसमी), छुरा में चेंज मेकर्स - नेकी की दीवार विषय पर विशेष जागरूकता एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. लक्ष्मीकांत सिन्हा ने नेकी की दीवार-चेंज मेकर्स अभियान की मानवीय अवधारणा को विशेष रूप से समझाते हुए कहा कि घरों में उपलब्ध अतिरिक्त लेकिन स्वच्छ और उपयोग योग्य कपड़े, पुस्तकें, शैक्षणिक सामग्री, बैग, जूते, खिलौने तथा अन्य आवश्यक वस्तुएँ जरूरतमंद व्यक्तियों तक सम्मानपूर्वक पहुँचाई जा सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल वस्तुओं के दान का अभियान नहीं है, बल्कि जरूरतमंद व्यक्ति की गरिमा, आत्मसम्मान और गोपनीयता की रक्षा करते हुए मानवता की सेवा करने का प्रयास है। उन्होंने विद्यार्थियों से वस्तुओं के साथ अपना समय, ज्ञान, कौशल और श्रम भी समाज के हित में साझा करने का आह्वान किया। अभियान का प्रमुख संदेश रहा—÷जो आपके लिए अतिरिक्त है, वह किसी जरूरतमंद के लिए बहुत खास हो सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीन अकादमिक एवं आईक्यूएसी निदेशक प्रो. एन. के. स्वामी ने इस समन्वित अभियान की सराहना करते हुए इसके उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और अपेक्षित परिणामों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सकारात्मक परिवर्तन केवल विचारों से नहीं, बल्कि निरंतर और जिम्मेदार कार्यों से आता है। विश्वविद्यालय में प्रारंभ किए गए इन अभियानों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, पर्यावरणीय चेतना, सामाजिक संवेदनशीलता और जिम्मेदार नागरिकता का विकास होगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. ओ. पी. साहू ने विद्यार्थियों को सभी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अभियान की सफलता विद्यार्थी स्वयंसेवकों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय प्रशासन के समन्वित प्रयासों पर निर्भर करेगी।इन सभी अभियानों के प्रभावी संचालन एवं नियमित निगरानी के लिए अलग-अलग संकाय सदस्यों के नेतृत्व में समितियों का गठन किया गया। संबंधित समितियों में विद्यार्थी स्वयंसेवकों को भी जिम्मेदारी प्रदान की गई, ताकि गतिविधियों को केवल एकदिवसीय आयोजन तक सीमित न रखते हुए निरंतर क्रियान्वित किया जा सके। डॉ. अश्वनी कुमार साहू, श्री अश्वनी कुमार साहू, श्री दुष्यंत यादव, श्री लुकेश्वर साहू और सुश्री ट्विंकल दीपक ने भी अपने-अपने निर्धारित अभियानों की कार्ययोजना, उद्देश्य, जिम्मेदारियों और क्रियान्वयन प्रक्रिया के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को इन अभियानों से जुड़कर परिसर और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट का अनिवार्य उपयोग करने, तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने, एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करने, अपशिष्ट का उचित प्रबंधन करने, पौधों का संरक्षण करने, जल, ऊर्जा एवं कागज की बचत करने तथा जरूरतमंद व्यक्तियों की सम्मानपूर्वक सहायता करने का सामूहिक संकल्प लिया। विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किया गया यह अभियान विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और मानवता की सेवा के लिए तत्पर नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधार के लिए कलेक्टर ने दिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 3 सितम्बर ।** जिले में शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में परिणाम को बेहतर बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यार्थियों को विषयवार तैयारी, आवश्यक शैक्षणिक सहयोग और बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर ने विशेष रूप से फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं मैथमेटिक्स विषयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता वाले विद्यालयों में विशेष शिक्षण एवं कोचिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के अनुभव अन्य विद्यालयों के साथ साझा कराने के लिए संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाए। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को मॉडल उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराकर अभी से उत्तर लिखने का नियमित अभ्यास कराया जाए।कलेक्टर ने खनन प्रभावित एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शिक्षित युवाओं को निर्धारित मानदेय पर विषयवार अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण किसी भी क्षेत्र में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने विद्यालयों में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता की निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

#### ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर

कलेक्टर ने ड्रॉपआउट बच्चों की स्थिति की समीक्षा करते हुए इनकी संख्या न्यूनतम करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने और स्कूल से बाहर हो चुके बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने को कहा। उन्होंने बालिकाओं के लिए शौचालय सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा बारिश में आवागमन प्रभावित होने वाले गांवों को चिन्हांकित कर आवश्यक अधोसंरचना विकास की योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

#### स्मार्ट क्लास का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने कहा

कलेक्टर ने विद्यालयों में उपलब्ध स्मार्ट क्लास का नियमित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने तकनीक आधारित शिक्षण के माध्यम से कठिन विषयों को सरल तरीके से समझाने पर जोर दिया। बैठक में खराब परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों एवं विषयों की समीक्षा, संस्था प्रमुखों की जवाबदेही, भवनविहीन एवं जर्जर विद्यालयों, विद्युतविहीन स्कूलों, मध्यान्ह भोजन, समग्र शिक्षा, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सुविधाओं तथा राष्ट्रीय साधन-सह-प्रावीण्य परीक्षा में जिले के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

## समाचार संक्षेप

### रायगढ़ की शर्मिला मिश्रा को जमीन की रजिस्ट्री में मिली 50 प्रतिशत की छूट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 सितम्बर।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें संपत्ति में अधिकार दिलाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय का लाभ अब जमीन की रजिस्ट्री में भी दिखाई देने लगा है। महिलाओं के पक्ष में अचल संपत्ति के अंतरण से जुड़े दस्तावेजों पर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने से रायगढ़ की शर्मिला मिश्रा को जमीन की रजिस्ट्री में करीब 25 हजार रुपये की बचत हुई। इस पहल के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार महिलाओं के नाम पर होने वाली जमीन एवं अन्य अचल संपत्ति की रजिस्ट्री में पंजीयन शुल्क को आधा कर दिया गया है। पहले संपत्ति के बाजार मूल्य के आधार पर पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत की दर से लिया जाता था, जिसे अब महिलाओं के पक्ष में होने वाली रजिस्ट्री के लिए घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है।



**रजिस्ट्री के खर्च में सीधे मिली राहत**-रायगढ़ की शर्मिला मिश्रा ने इस सुविधा का लाभ लेते हुए जमीन की रजिस्ट्री कराई। पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट मिलने से उन्हें लगभग 25 हजार रुपये की बचत हुई। उन्होंने बताया कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति की रजिस्ट्री को प्रोत्साहित करने वाला यह निर्णय आर्थिक रूप से राहत देने के साथ महिलाओं के संपत्ति अधिकार को भी मजबूत करता है। शर्मिला मिश्रा ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति होने से उनके आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिलती है।

### बैठक में योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 सितम्बर।** जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं, छात्रावास-आश्रमों की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने छात्रावास एवं आश्रमों के निरीक्षण के दौरान प्राप्त कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रयास विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने तथा कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा कराने के निर्देश दिए। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में संचालित एवं निर्माणाधीन कार्यों की भी समीक्षा की गई।बैठक में बताया गया कि जिले के 21 विद्यार्थियों का एकलव्य आवासीय विद्यालय तथा 26 विद्यार्थियों का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में अध्ययनरत एक छात्र का पटवारी तथा एक छात्र का सीजी पुलिस भर्ती परीक्षा में चयन हुआ है। वहीं तीन विद्यार्थियों का एमबीबीएस में चयन हुआ है। कई विद्यार्थी सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की।93 आश्रम-छात्रावासों में पोषण वाटिका, स्वास्थ्य जांच पर भी जोरबैठक में बताया गया कि जिले के 93 आश्रम-छात्रावासों में पोषण वाटिका तैयार की गई हैं। विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन के साथ दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चिरायु योजना के तहत नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जा रही है।

# मैनपुर में पुल अधूरा, बच्चे जोखिम उठाकर स्कूल जा रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 3 सितंबर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड में देहारगुड़ा और खामभाठा के बीच पैरी नदी पर बन रहा करीब 300 मीटर लंबा पुल लगभग छह वर्षों से अधूरा पड़ा है। बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने पर स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर अधूरे पुल के पिलर से लगी करीब 20 फीट ऊंची लोहे की सीढ़ी के सहारे नदी पार करनी पड़ रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

गांधी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पुल का निर्माण पूरा होने तक बच्चों के लिए तत्काल सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए। अधूरे पुल पर निकले लोहे के सरिए, ऊंची और फिसलन भरी सीढ़ी तथा नीचे बहती तेज नदी के कारण बच्चों की आवाजाही बेहद जोखिमपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन को पहले ही प्रभावी कदम उठाना चाहिए।

इदरीस गांधी ने पुल निर्माण को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा उनकी जान की कीमत पर नहीं हो सकती। इस पूरे मामले के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद यह केवल स्थानीय समस्या नहीं रह गई है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और क्षेत्र के विकास से जुड़ा गंभीर विषय बन गया है।

## इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की





## समाचार संक्षेप

### निगम कर्मियों ने की नेकी की दीवार की सफाई



**रायपुर, 3 सितम्बर।** रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त गन्दगी से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन में नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 20 क्षेत्र अंतर्गत भारत माता चौक के पास कोटा मार्ग में रायपुर पुलिस कमिश्नरी अंतर्गत रायपुर पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय के समीप नेकी की दीवार साईट पर पहुंचकर वहाँ सफाई अभियान चलाकर और पुराने अनुपयोगी कपड़ों का कचरा और गन्दगी तत्काल उठवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा बाबत स्वच्छता कायम करते हुए प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया.

### आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर प्रेम नारायण नायक ने लहराया परचम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 3 सितम्बर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा में पदस्थ वाणिज्य व्याख्याता प्रेम नारायण नायक ने भारत सरकार के आई गॉट कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर अपनी उत्कृष्ट कार्य कुशलता और सीखने की लगन से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। नायक ने कर्मयोगी कोर्स में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय स्थान, तथा बलौदा बाजार भाटापारा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर नवा रायपुर स्थित महानदी भवन (मंत्रालय) में



आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकास शील द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। प्रेम नारायण नायक की इस उपलब्धि से न केवल सिमगा विकासखंड बल्कि पूरे बलौदा बाजार जिले के शिक्षा विभाग में हर्ष की लहर है। सहकर्मियों एवं उच्च अधिकारियों ने उन्हें इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी है।

### तिल्दा-नेवरा पुलिस की सक्रियता बढ़ी, अपराधी तत्वों में मचा हड़कंप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 3 सितम्बर।** पिछले कुछ दिनों से शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा देर रात होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नजर रखने के उद्देश्य से तिल्दा-नेवरा पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पुलिस द्वारा देर रात शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर सघन गश्त के साथ वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस टीम ने दीनदयाल चौक सहित प्रमुख स्थानों पर देर रात तक निगरानी रखी।

इस दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले तथा संदिग्ध परिस्थितियों में नजर आने वाले वाहन चालकों को रोककर पूछताछ की गई। बाइक और कार चालकों से आवश्यक जानकारी ली गई तथा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अभियान के दौरान खरोरा पुलिस की टीम भी तिल्दा क्षेत्र में मुस्तैद रही। तिल्दा-नेवरा और खरोरा थाना क्षेत्र की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से विभिन्न इलाकों में गश्त कर संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

पुलिस की देर रात सक्रिय मौजूदगी से असामाजिक एवं अपराधी तत्वों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। वहीं आम नागरिकों के बीच पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर सकारात्मक माहौल नजर आया। पुलिस की लगातार गश्त से चोरी, विवाद, नशाखोरी सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है। क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए देर रात गश्त और वाहन जांच का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

## एक नजर

### कृष्ण जन्माष्टमी पर निगम ने नगरवासियों को दी बधाई

**रायपुर, 3 सितम्बर।** राजधानी रायपुर की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर सहित सभी एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष, वार्ड पार्षद एवं एल्डरमैनों ने 4 सितंबर 2026, शुक्रवार को मनाए जाने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व की समस्त नगरवासियों को अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण से रायपुर सहित छत्तीसगढ़वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति एवं खुशहाली प्रदान करने की प्रार्थना की। नगर निगम जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म, न्याय और कर्तव्य का संदेश देता है। उन्होंने नगरवासियों से जन्माष्टमी के पावन अवसर पर रायपुर को स्वच्छता में देश का नंबर-1 शहर बनाने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर के पक्ष में अधिकाधिक स्वच्छता फीडबैक देकर नगरहित में सहयोग करें और शहर को राष्ट्रीय स्वच्छ रैंकिंग में शीर्ष स्थान दिलाने में सहभागी बनें।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 18 सितम्बर तक

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-3, पैंजनी में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। आंनलाईन आवेदन करने के अंतिम तिथि 18 सितम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह पद केवल महिलाओं के लिए है। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए https://aww.e-bharti.in/ में जाकर कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संपर्क कर सकते है।

### अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति के लिए प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के कम्पोनेट्स - II के अंतर्गत कक्षा पहली से 10वीं तक के विद्यार्थियों को देय अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र को जाति, निवास, आय प्रमाण की भाँति अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार के स्तर से ऑनलाईन जारी किये जाने के निर्देश दिए गए है। चिप्स द्वारा प्रमाण पत्र तैयार कर लाइव कर दिया गया है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केन्द्र पर जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र आनंलाईन बनाये जाने की प्रक्रिया अनुसार 10 रुपए के स्टाम्प में शपथ पत्र के साथ संलग्न कर प्रमाण पत्र प्रारूप में संरपंच, पार्षद से हस्ताक्षर व पटवारी के हस्ताक्षर उपरांत आवेदन किया जा सकता है।

### सेना में भर्ती के लिए एडमिट कार्ड जारी

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा सेना में सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस पदों के लिये भर्ती का आयोजन इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज सागर मध्य प्रदेश में किया जाएगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) में सफल हुए सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक के लिए 12 अक्टूबर प्रातः 3 बजे तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस पदों के लिए 14 अक्टूबर प्रातः 5 का समय निर्धारित किया गया है। रैली में भाग लेने वाले योग्य उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है।

# संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा कमरछठ व्रत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 3 सितम्बर।** संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्ध जीवन की कामना को लेकर महिलाओं ने कमरछठ यानी हलषष्ठी का व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक महिलाओं ने विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना कर अपनी संतान के मंगलमय जीवन की कामना की।

बारिश के बावजूद महिलाओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी। नगर के तिल्दा नेवरा में सिंचाई कालोनी श्याम नगर वार्ड 17में मंदिर के पा स कमरछठ पर्व के लिए विशेष पूजा स्थल तैयार किया गया। यहां ग्राम के पुरोहित राहुल चोबे जी महाराज ने व्रती महिलाओं को हलषष्ठी माता की व्रत कथा विस्तारपूर्वक सुनाई। कथा श्रवण के बाद महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।

पूजा स्थल पर पारंपरिक रूप से सगरी का निर्माण किया गया तथा उसके आसपास कांशी के फूलों से सजावट की गई। मिट्टी से बनाए गए बैल, शिवलिंग और गौरी-गणेश की स्थापना कर पूजा की गई। महिलाओं ने हलषष्ठी माता का स्मरण करते हुए अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य, सुखी जीवन एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

बारिश के बीच भी महिलाओं की श्रद्धा कम नहीं हुई। छाता लेकर महिलाएं पूजा स्थलों तक पहुंचीं और बारिश की फुहारों के बीच पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। नगर के अलावा आसपास के गांवों में भी महिलाओं ने समूह में एकत्र होकर पारंपरिक तरीके से कमरछठ पर्व मनाया।



## महिलाओं ने हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 3 सितम्बर।** संतान की दीर्घायु और सुखी जीवन की कामना को लेकर महिलाओं ने कमरछठ यानी हलषष्ठी का व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना की।

बारिश के बीच भी महिलाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। कई पूजा स्थलों पर महिलाएं छाता लेकर पहुंचीं और बारिश की फुहारों के बीच श्रद्धा भाव से हलषष्ठी माता की पूजा की। मौसम सुहाना होने के साथ ही पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला।



पूजा स्थल पर सगरी बनाकर कांशी के फूल, मिट्टी के बैल, शिवलिंग और गौरी-गणेश की पूजा की गई। इसके बाद महिलाओं ने हलषष्ठी माता की कथा सुनी और आरती कर संतान की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की। कमरछठ पर्व पर हल से जुते खेत में पैदा हुए अनाज का सेवन नहीं करने की विशेष परंपरा है। व्रत के बाद महिलाओं ने पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का प्रसाद ग्रहण किया। पूजा के बाद माताओं ने अपने बच्चों की पीठ पर पीली पोती लगाकर तिलक किया और उनके सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। बारिश के बावजूद पर्व को लेकर महिलाओं में आस्था और उमंग देखते ही बनी। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक हलषष्ठी का पर्व पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया।

**पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का लिया प्रसादः** कमरछठ पर्व की प्रमुख परंपरा के अनुसार इस दिन महिलाएं हल से जुड़े खेत में पैदा हुए अनाज का सेवन नहीं करतीं। व्रत एवं पूजा के बाद महिलाओं ने पसहर चावल तथा छह प्रकार की भाजियों का प्रसाद ग्रहण किया। पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्माने बताया कि मान्यता है कि हलषष्ठी माता की पूजा एवं व्रत करने से संतान पर माता का आशीर्वाद बना रहता है तथा परिवार में सुख-समृद्धि आती है।पूजा-अर्चना के बाद माताओं ने अपने-अपने बच्चों की पीठ पर पीली पोती लगाकर तिलक किया और उनकी दीर्घायु, सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। पूरे क्षेत्र में कमरछठ का पर्व पारंपरिक आस्था, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

## अंबुजा सीमेंट प्लांट से कॉपर केबल चोरी, दो गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** अंबुजा सीमेंट प्लांट परिसर से कॉपर केबल वायर चोरी करने वाले दो आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 25ड्ड फीट कॉपर केबल वायर, जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपए है, और केबल काटने में प्रयुक्त कटर ब्लेड जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 31 अगस्त 2026 को राजेश कुमार पांडे (65) निवासी कृष्णायन कॉलोनी, बलौदाबाजार ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रवान स्थित अंबुजा सीमेंट प्लांट परिसर से करीब 9-10 मीटर कॉपर केबल वायर चोरी हो गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 738/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई।





विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सूचना के आधार पर टिकेश्वर वर्मा (25) निवासी ग्राम रवान और लक्की वर्मा (19) निवासी वार्ड नंबर 11, ग्राम रवान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया। टिकेश्वर के मेमोरेंडम पर चोरी का कॉपर केबल और कटर ब्लेड बरामद किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### साइबर जागृति अभियान के तहत जिला स्तरीय 'वरिष्ठ नागरिक साइबर जागरूकता सम्मेलन' का आयोजन

# डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, सीबीआई और ईडी अधिकारी बनकर ठगी एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के लिए दिए गए महत्वपूर्ण टिप्स

- पुलिस अधीक्षक गौरव राय एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने की शिरकत, वरिष्ठ नागरिकों की जिज्ञासा का किया समाधान
- सेवानिवृत्त अधिकारियों, पेंशनर्स संघ एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित 60 से अधिक वरिष्ठ नागरिक हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'साइबर जागृति अभियान' (15 अगस्त - 02 अक्टूबर 2026) के तहत आज दिनांक 02.09.2026 को जिला पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार के सभा कक्ष में 'वरिष्ठ नागरिक जिला स्तरीय साइबर जागरूकता सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, पुलिस/CBI/ED अधिकारी बनकर की जाने वाली फर्जी कॉल, ओटीपी (OTP) व बैंकिग धोखाधड़ी तथा साइबर ठगी के नए तरीकों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक लखेश केंवट द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर अपराधियों के पैंतरों से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

वरिष्ठ नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थितिः- आयोजन में वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष श्याम शुक्ला, नागरिक सेवा समिति से आर.एन. वर्मा, छ.ग. पेंशनर्स एसोसिएशन संघ के जिलाध्यक्ष एस.एन. पाध्येय, छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष तारण सिंह ठाकुर, स्वदेशी जागरण मंच से जय नारायण केसरवानी, शिक्षक संघ से बलविंदर सिंग, छ.ग. मनवा कुर्मी समाज अध्यक्ष खोडस कश्यप, संघ प्रमुख राजनारायण केशरवानी एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. निशा झा सहित लगभग 60 की संख्या में वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

अनुभव साझा एवं जिज्ञासा समाधानः- कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. निशा झा ने अपने साथ घटित साइबर क्राइम के प्रयास की घटना को सभी के साथ साझा किया और बताया कि कैसे सतर्कता बरतकर वे ठगी का शिकार होने से बचीं। इसके अतिरिक्त उपस्थित वरिष्ठ जनों ने यह भी बताया कि जैसे ही वह सेवानिवृत्त हुए थे, उस दौरान कई अनजाने नंबरों से उनके पास कॉल एवं मैसेज आदि आए थे, जिस पर उन्होंने सावधानी एवन सतर्कता बरतते हुए, अपने सांथ होने वाली संभावित साइबर क्राइम की घटना को रोका। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने ऑनलाइन बैंकिंग, अनजान वीडियो कॉल व डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका पुलिस अधिकारियों द्वारा बिंदुवार एवं संतोषजनक समाधान किया गया।

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपीलः- पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर अपनी व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी (जैसे OTP, PIN, पासवर्ड) साझा न करें। कोई भी व्यक्ति यदि पुलिस या जांच एजेंसी का डर दिखाकर पैसे की मांग करे, तो घबराएं नहीं और तत्काल अपने नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।


//प्रारूप-(तीन)//

**शपथ पत्र**

मैं रंजीता शर्मा, पुत्र लक्ष शर्मा (Laksha Sharma) निवासी हाउस नं. 47, वार्ड नं. 08 गीदम, तहसील गीदम, जिला दन्तेवाड़ा, छत्तीसगढ़ एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूं तथा निम्नानुसार घोषित करती हूं।

मैं छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी हूँ।

मैं अपने नाबालिक पुत्र का नाम लक्ष शर्मा (Laksha Sharma) से बदल कर लक्ष्य शर्मा (Lakshya Sharma) करवाना चाहती हूं।

मैं अपने नाबालिक पुत्र का नाम लक्ष्य शर्मा (Lakshya Sharma) बदलकर यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मै पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

मेरे पति रितेश शर्मा ने हमारे पुत्र का नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ, तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**
**रंजीता शर्मा**

**//प्रारूप (एक)//**
**नाबालिक पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालक द्वारा प्रमाणित)**

मैं रंजीता शर्मा, पति रितेश शर्मा, निवासी हाउस न. 47 वार्ड नं. 08, गीदम, तहसील गीदम, जिला दन्तेवाड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिक पुत्र का नाम लक्ष शर्मा (Laksha Sharma) से बदल कर लक्ष्य शर्मा (Lakshya Sharma) रखा लिया है।

**हस्ताक्षर**
**रंजीता शर्मा**

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती वेल्ली बाई गोटा (VELLI BAI GOTA) पिता बन्डे राम गोटा (BANDE RAM GOTA) उम्र-48 वर्ष, निवासी ग्राम बड़ेकाकलेड़, तहसील भोपालपटनम, जिला बीजापुर, (छ.ग.), शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ किः-

मैं ग्राम बड़ेकाकलेड़, तहसील भोपालपटनम, जिला बीजापुर (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूं।

मेरे पुराना नाम एल्लूबाई गोटा (ELLUBAI GOTA) है और मैं अपना नाम बदलकर वेल्ली बाई गोटा (VELLI BAI GOTA) करवाना चाहती हूं।

मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

**स्थान-बीजापुर**
**दिनांकः- 02/09/2026**

**शपथकर्ता**
**वेल्ली बाई गोटा**

**कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
**Email Id: barsoorcmo@gmail.com**

क्रमांक/803/लो.नि.शा./न.पं./2026-27 बारसूर, दिनांक 01/09/2026

**-::ई-प्रोक्युरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना::-**
**Main Portal : (https://eproc.cgstate.gov.in)**

नगर पंचायत बारसूर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 198658 | Construction of RCC Drain 1.5×4m in Main Road Hat Bajar to Danteswari Temple at Ward No. 05 | 41.73 | 23.09.2026 |
| 2 | 198653 | Construction of RCC Drain with Slab 1.2×1.2m Near Old Puliya to Mama Bhanja Puliya at Ward No. 01 | 17.63 | 23.09.2026 |
| 3 | 198644 | Construction of C.C. Road from Kariyatikra Para C.C. Road to Krishna Nag Residence Ward No. 09 | 12.25 | 23.09.2026 |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से संपर्क की जा सकती है अथवा कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बारसूर**

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 77/SE E/M/2026-27 (1 Call) System Tender No Registered contractor class in "D" & above For Form B (Item Rate ) | SUPPLYING, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING COMPREHENSIVE MAINTAINANCE CONTRACT IN ANNUALMAINTAINANCE/OPERATION/ REPAIR/INSPECTION SECURIT OF STREET LIGHT, HIGH MAST, MAINTAINANCE WORK AT - MMI TO SHADDANI DARBAR ROAD, BJP OFFICE TO STATE HANGER MANA ROAD, CITY KOTWALI TO PACHPEDI NAKA , PANDRI TO MMI, DHARAM PURA JORA TO PTS MANA AIRPORT, FUNDHAR BASTI TO KAMAL VIHAR CHOWK, VIJETA COMPLEX ROAD , SANTOSHI NAGAR PACHPEDI NAKA RAIPURA BHATAGAON KUSHALPUR LALPUR RAJENDRA NAGAR, GUDIYARI UNDER BRIDGE AND FLYOVERS WITH SIDE ROADS UNDER PWD E/M DKS (M) SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 46.00 Lacs |

Date of bid submission 24-09-2026 The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**SUPERINTENDING ENGINEER**
**P.W.D. (E & M) Circle**
**Raipur (C.G.)**

G-262703072/3

# पुल-पुलियों और राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**रायपुर, 3 सितंबर।** लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने बरसात के समाप्त होते ही निर्माणाधीन पुल-पुलियों और राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी निर्माणाधीन कार्यों का एक सप्ताह के भीतर ठेकेदारों के साथ स्थल निरीक्षण कर काम आगे बढ़ाने की अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करते हुए बरसात के तुरंत बाद निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में सभी निर्माण स्थलों पर काम होते हुए दिखना चाहिए।

श्री बंसल ने आज नवा रायपुर स्थित पीडब्ल्यूडी मुख्यालय 'निर्माण भवन' में पुल-पुलियों और राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए वर्ष 2025-26 और 2026-27 के प्राथमिकता वाले कार्यों के प्राक्कलन 20 सितम्बर तक जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश से क्षतिग्रस्त पुलों की मरम्मत के साथ रेलिंग और दीवारों की पेंटिंग का काम 30 नवम्बर तक पूरा करने को कहा।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बैठक में सेतु परिक्षेत्र के सभी संभागों के कार्यपालन अभियंताओं को अपने-अपने संभागों में भ्रमण कर पुल-पुलियों की वास्तविक जरूरत का आकलन कर लोगों की जरूरतों के अनुरूप नए पुल-पुलियों के निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने और क्षतिग्रस्त पुलों की स्थिति पर भी लगातार नजर रखने और जहां आवश्यकता हो, वहां नए पुलों के निर्माण के प्रस्ताव भेजने को कहा।



### अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें

लोक निर्माण विभाग के सचिव बंसल ने राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक लेकर राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की निविदा, अनुबंध और कार्यादेश की भी जानकारी ली। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों को एनएचएआई और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। विभागीय सचिव ने रायपुर में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के एमएमआई चौक से शदाणी दरबार खंड, बेमेतरा बायपास, कोंडागांव से नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग खंड और रतनपुर से पेंड्रा रोड राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों को अगले साल मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, अपर सचिव एस.एन. श्रीवास्तव, सेतु परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता एस.के. कोरी और राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप सहित दोनों परिक्षेत्रों के सभी अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी और एनएचएआई के अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

**सप्ताह में दो दिन साइट पर जाएं:** श्री बंसल ने कार्यपालन अभियंताओं और अधीक्षण अभियंताओं को सप्ताह में दो दिन अनिवार्य रूप से निर्माण स्थलों पर जाकर कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण की गुणवत्ता और समय-सीमा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने काम में लापरवाही बरतने या कार्य की गति धीमी रखने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कार्यपालन अभियंताओं और अनुविभागीय अधिकारियों को बिना अनुमति कार्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में मौजूद रहते हुए निर्माण स्थलों की समस्याओं को तत्परता से निराकृत करने को कहा।

**नए कार्यों की नवम्बर तक हो निविदा, जनवरी तक शुरू हों काम:** श्री बंसल ने नए कार्यों की निविदा प्रक्रिया नवम्बर तक पूरी करने और जनवरी तक सभी कार्य हर हाल में शुरू करने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों को समय पर ले-आउट, ड्राइंग-डिजाइन और कार्यस्थल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यस्थलों पर आने वाली समस्याओं का तत्परता से समाधान करने को कहा। उन्होंने ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गंभीरता से मॉनिटरिंग और निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

**हर महीने करें भुगतान, काम पूरा होने के तीन माह में अनुबंध क्लोज करें :** लोक निर्माण विभाग के सचिव ने ठेकेदारों को हर महीने भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों की भौतिक और वित्तीय प्रगति प्रभावित न हो। उन्होंने कार्य पूर्ण होने के बाद तीन माह के भीतर सभी दस्तावेजी प्रक्रिया और भुगतान पूरा कर अनुबंध क्लोज करने को कहा।

**गतिशक्ति पोर्टल पर 10 सितम्बर तक जानकारी अपलोड करें:** बंसल ने भारत सरकार के गतिशक्ति पोर्टल पर प्रदेश के सभी पुल-पुलियों की जानकारी 10 सितम्बर तक अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा में जानकारी अपलोड नहीं करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने सीपीग्राम्स और सीएम-हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों और मांगों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही न्यायालयीन मामलों, अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन से जुड़े प्रकरणों के निपटारे की हर महीने समीक्षा करने को कहा।

## एक नजर

### राधा कृष्ण मंदिर समता कॉलोनी में धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव

**रायपुर, 3 सितम्बर।** राधा कृष्ण मंदिर समता कॉलोनी में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं सुसज्जित मंदिर परिसर में शुक्रवार को जन्माष्टमी उत्सव का शुभारंभ प्रातः 7 बजे दुग्ध अभिषेक से होगा। मंदिर के मीडिया प्रभारी सत्येंद्र अग्रवाल के अनुसार इस धार्मिक पर्व को यादगार बनाने के लिए कोलकाता के कारीगरों द्वारा प्रतिमा एवं संपूर्ण मंदिर परिसर का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं सचिव रमाशंकर पांडे ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर सुबह 7 बजे से 101 किलो दूध से भगवान कृष्ण का अभिषेक के बाद कन्हैया का श्रृंगार भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा उपाध्यक्ष शिव सिंघानिया एवं हरीश अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 9 बजे से कृष्ण का झांकी दर्शन प्रारंभ हो जाएगा, अर्ध रात्रि में भगवान का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महा आरती में भक्तजन शामिल होकर पूजन आरती एवं प्रसादी का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे महिला मंडल के अनुसार दूसरे दिन शनिवार 5 सितंबर को दोपहर दो बजे से रानी सती दादी का मंगल पाठ प्रारंभ2 होगा जो शाम तक अनवरत चलेगा तक तदुप्रांत प्रसादी वितरण भंडारा का आयोजन किया गया है।

### जैतूसाव मठ में मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव

**रायपुर, 3 सितम्बर।** जैतूसाव मठ पुरानी बस्ती में जन्माष्टमी पर्व 4 सितम्बर को मनाया जाएगा। रात्रि आठ बजे से भजन तथा रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण की भजन आरती होगी। पांच सितम्र को दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक राजभोग आरती व प्रसाद वितरण होगा। 10 सितम्बर को श्रीकृष्ण की छट्ठी आरती होगी। यह जानकारी ठाकुर रामचंद्र स्वामी जैतू साव सार्वजनिक न्यास के न्यासी अजय तिवारी ने दी है।

### देवजी पटेल व सुंदरानी की नियुक्ति का स्वागत

**रायपुर, 3 सितम्बर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा



ने कहा कि देवजी पटेल को नगरीय निकाय का तथा श्रीचंद सुंदरानी को व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। आहूजा द्वय ने उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है उन्होंने कहा कि दोनो नेता बहुत ही वरिष्ठ नेता है। इनकी वरिष्ठता को देखते हुए निगम मंडल का अध्यक्ष बनाना था क्योंकि पुष्कर धामी को चुनाव हारने के बाद भी उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बनाया गया। रमेश आहूजा ने कहा कि देवजी पटेल अपनी स्पष्टवादिता तथा सुंदरानी अपने विनम्र स्वभाव के लिए जाने जाते है। नेताद्वय ने इनकी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व किरण सिंह देव का आभार व्यक्त किया है।

### वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज 4 से

**रायपुर, 3 सितंबर।** भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने जानकारी दी कि 4 से 10 सितंबर 2026 को आर्चरी पैरा सीरीज अहमदाबाद के प्रसिद्ध साबरमती रिवर फ्रंट में आयोजित की जाएगी यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप गुजरात सरकार के खेल प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित होगी उक्त प्रतियोगिता में 19 देश के 108 तीरंदाज,86 ऑफिसल भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 4 सितंबर को भारत के गृहमंत्री आदरणीय अमित शाह, भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, गुजरात सरकार के मुख्यमंत्री, खेल मंत्री, प्रायोजक हुंडई के प्रमुख अधिकारी के कार्यक्रमों द्वारा संपन्न होगा, मुरारका ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के पैरा अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज तोमन कुमार भाग लेंगे।

### एमेजॉन इंडिया ने त्योहारों से पहले सीजनल काम के मौके दिए

**रायपुर, 3 सितंबर।** एमेजॉन इंडिया ने आगामी त्योहारों से पहले भारत में अपने ऑपरेशंस नेटवर्क में 160,000 से अधिक सीजनल काम करने के अवसर दिए हैं, जो कंपनी के ईकॉमर्स और क्विक कॉमर्स बिजनेस में सपोर्ट करेंगे। इनमें भारत के 400 से अधिक शहरों में काम करने के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष अवसर शामिल हैं, जो बड़े मेट्रो शहरों के साथ–साथ वाराणसी, कोच्चि, जलंधर, गाजियाबाद, रांची, सलेम और गोरखपुर जैसे टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में भी मिल रहे हैं। एमेजॉन ने अपने नेटवर्क में हजारों महिलाओं और दिव्यांग एसोसिएट्स को नौकरी दी है। ये नए एसोसिएट भारत में एमेजॉन के मौजूदा ऑपरेशंस नेटवर्क में शामिल होंगे। वो ग्राहकों के ऑर्डर सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से प्राप्त करने तथा पैक, शिप व डिलीवर करने में मदद करेंगे। इससे त्योहारों के दौरान बढ़ती हुई मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। एमेजॉन ने त्योहारों की तैयारी के लिए ज्यादातर एसोसिएट्स को पहले ही ऑनबोर्ड कर लिया है और उन्हें जरूरी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपने एसोसिएट्स को सपोर्ट करने की एमेजॉन की प्रतिबद्धता के अंतर्गत सीजनल एसोसिएट्स को भी अन्य एसोसिएट्स की तरह ही अनेकों सेफ्टी और वैलफेयर प्रोग्राम व बेनेफिट्स उपलब्ध होते हैं।

## कांग्रेस ने किया था युवाओं के सपनों का सौदा : भाजपा

**रायपुर, 3 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य और उनके सपनों से जुड़े पीएससी घोटाले की जाँच में सामने आ रही जानकारियाँ बेहद गम्भीर हैं। 2021 की भर्ती प्रक्रिया में कथित तौर पर परीक्षा से लेकर इंटरव्यू तक चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने, चुनिंदा अभ्यर्थियों को लाभ पहुँचाने और राजनीतिक-प्रशासनिक प्रभाव वाले लोगों के रिश्तेदारों को फायदा पहुँचाने के आरोप सामने आए हैं। उज्ज्वल दीपक ने कहा कि अब इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तत्कालीन निजी सहायक से जुड़े परिसरों सहित सात स्थानों पर छापेमारी की है। ईडी की कार्रवाई कथित भर्ती अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जाँच का हिस्सा है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा कि यह सवाल अब छत्तीसगढ़ के हर युवा का है। जिस सरकार के कार्यकाल में सरकारी नौकरियों की चयन प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े हो गए, वह आज युवाओं के रोजगार और अधिकारों की बात किस नैतिक आधार पर कर रही है? जिस नौकरी को पाने के लिए छत्तीसगढ़ का गरीब और मध्यमवर्गीय युवा वर्षों तक मेहनत करता है, अगर उसी नौकरी की प्रक्रिया में पहले से तय अभ्यर्थियों, रिश्तेदारों और प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुँचाने का खेल हुआ है, तो यह केवल एक भर्ती घोटाला नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात है। कांग्रेस बताए, यह कैसी 'युवा न्याय' की राजनीति है? उज्ज्वल दीपक ने कहा कि आज कांग्रेस के नेता युवाओं के रोजगार, परीक्षा व्यवस्था और अवसरों की समानता पर बड़े-बड़े भाषण देते हैं।

## अंजय, संजय व शरद को राज्यमंत्री का दर्जा

**रायपुर, 3 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य के विभिन्न निगम, मंडल और आयोग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को राज्य मंत्री का दर्जा प्रदान किया है। इस संबंध में शासन ने 2 सितंबर को आदेश जारी किया है।



जारी आदेश के अनुसार, संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष के रूप में राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है। अजय शुक्ला को छत्तीसगढ़ राज्य आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में राज्य मंत्री का दर्जा मिला है। वहीं शरद अवस्थी को इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में राज्य मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है।

### नियमानुसार मिलेंगी सुविधाएं

शासन के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्य मंत्री का दर्जा केवल शिष्टाचार (प्रोटोकॉल) के लिए प्रदान किया गया है। संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व संबंधित प्रशासनिक विभाग/आयोग का होगा।

आदेश में यह भी कहा गया है कि यह सूची किसी प्रकार की वरिष्ठता या प्रोटोकॉल की स्थिति नहीं दर्शाती है। राज्य मंत्री का दर्जा आदेश जारी होने की तारीख से प्रभावशील होगा।

## भाजपा ने 15 प्रकोष्ठों में की नई नियुक्तियां

**रायपुर, 3 सितम्बर।** भाजपा छत्तीसगढ़ ने संगठन को और मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां की हैं। जारी सूची के अनुसार श्रीचंद सुंदरानी को व्यापार प्रकोष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा को आरटीआई प्रकोष्ठ और डॉ. ललित माखीजा को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। वहीं चुन्नीलाल साहू को प्रकोष्ठ संयोजक तथा लाभचंद बाफना को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कुल 15 प्रकोष्ठों के प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और संगठनात्मक क्षेत्रों से जुड़े नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

ये बनाए गए प्रकोष्ठ प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल – मछुआरा प्रकोष्ठ जोगेश लांबा – झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ राजेश अग्रवाल – आर्थिक प्रकोष्ठ एसडी बड़गैया – एनजीओ प्रकोष्ठ सीमा साहू – बुनकर प्रकोष्ठ जयप्रकाश चंद्रवंशी – विधि प्रकोष्ठ प्रदीप सिंह – व्यवसायी प्रकोष्ठ मोना सेन – सांस्कृतिक प्रकोष्ठ श्वेता वर्मा – पंचायत प्रकोष्ठ देवजी भाई पटेल – नगरीय निकाय प्रकोष्ठ राजेश साहू – शिक्षा प्रकोष्ठ विक्रांत सिंह – सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा की इन नियुक्तियों को संगठन के विभिन्न सामाजिक और पेशेवर वर्गों के बीच सक्रियता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## भाजपा का बस्तर मॉडल विकास का नहीं : बैज

**रायपुर, 3 सितंबर।** भाजपा द्वारा प्रचारित बस्तर के कथित विकास मॉडल को स्थानीय बस्तरिया आदिवासियों के विनाश और कॉर्पोरेट लूट का मॉडल बताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि डबल इंजन सरकार बस्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 'विकास और सुरक्षा' के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवार मुआवजे के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं और सरेंडर कर चुके समर्पित नक्सली पुनर्वास नीति के लाभों से वंचित हैं। कल ही महाराष्ट्र के गढ़ चिरौली से मुख्यधारा में लौटे 50 से अधिक पूर्व नक्सलियों को उनके गृह क्षेत्र बस्तर भेजा गया, पुनर्वास योजनाओं के वायदों का कितना लाभ उन्हें प्रदान किया गया यह बताने की स्थिति में सरकार नहीं है। पीड़ित और प्रभावित दर दर भटक रहे हैं, यह सरकार केवल उनके ज़ख्मों की नुमाइश कर रही है। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने 2025 के बस्तर पंडुम के दौरान जगदलपुर के सार्वजनिक मंच से घोषणा किया था कि 'नक्सल मुक्त गाँव' घोषित प्रत्येक गाँव को विकास कार्यों के लिए पृथक से एक-एक करोड़ रुपये दिया जायेगा, वह सिर्फ कागजी साबित हुआ है। किसी भी गाँव को यह राशि जारी नहीं की गई है। भाजपा सरकार बस्तर के नाम पर केवल झूठे प्रचार का खेल खेल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि संसाधनों की लूट का विरोध करने वाले निर्दोष आदिवासियों पर नक्सली सहयोगी होने का ठप्पा लगाकर उन्हें जेलों में ठूँसा गया है, आज जब दुर्दांत नक्सलियों को माफ़ी मिल गई फिर उन हजारों आदिवासियों की रिहाई क्यों नहीं हो रही है जिन पर सहयोगी होने का आरोप है? सुरक्षा के नाम पर जंगलों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है और बस्तर के जल-जंगल-जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करके कॉर्पोरेट लूट को बढ़ावा दिया जा रहा है।



## लोकवाद्यों की प्रस्तुतियों ने बिखेरा छत्तीसगढ़ी संस्कृति का रंग




**रायपुर, 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक लोकवाद्यों और लोक कलाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों से तीन दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन 'रंग-तरंग' का दूसरा दिन जीवंत हो उठा। लोकवाद्य गुदुम बाजा और मोहरी की पारंपरिक धुनों ने आयोजन स्थल पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की विशिष्ट छटा बिखेरी और उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व संस्कृति आयुक्त अनिल कुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों और बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने लोक कला एवं संस्कृति को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए कलाकारों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

**■ लोक कलाकारों और बच्चों का हुआ उत्साहवर्धन**

## कांग्रेस का प्रशिक्षण पीढ़ी बर्बाद करने वाला : अजय चन्द्राकर

**रायपुर, 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा अपने ब्लॉक अध्यक्षों के लिए आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने तीखा हमला बोला है। बीजेपी विधायक ने कांग्रेस के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस जो सीख दे रही है, उससे नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने मीडिया से चर्चा करते हुए सवाल उठाया कि जो लोग कांग्रेस के नेताओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं, क्या वे खुद प्रशिक्षित हैं? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर कांग्रेस में सही और सही मायने में प्रशिक्षण दिया गया होता, तो छत्तीसगढ़ में भी ढाई साल के भीतर सत्ता परिवर्तन हो जाता, जैसा कि कर्नाटक में देखने को मिला था। बीजेपी विधायक ने छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में स्थिति इतनी खराब थी कि मंत्रियों को अपने पदों से इस्तीफे तक देने पड़े थे। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब कांग्रेस के ही मंत्री पर हत्या जैसे गंभीर आरोप लगे थे। अजय चंद्राकर ने कड़ा प्रहार करते हुए कहा, यही वे लोग हैं जो आज ब्लॉक अध्यक्षों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, जो कल तक एक-दूसरे पर सार्वजनिक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे थे।



## व्यापारियों और आयकर विभाग के बीच हुआ सीधा संवाद

**रायपुर, 3 सितंबर।** कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि छत्तीसगढ़ के व्यापारिक इतिहास में एक अभिनव एवं महत्वपूर्ण पहल के रूप में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ एवं आयकर विभाग द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय 'व्यापारी कर संवाद' कार्यक्रम आज ÷एक प्रदेश- एक दिन- एक संवाद की संकल्पना के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक साथ अभूतपूर्व एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

प्रदेशभर में आयोजित इस विशेष संवाद में बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों ने सहभागिता की। विभिन्न जिलों में आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यापारियों से सीधे संवाद करते हुए कर संबंधी प्रावधानों, प्रक्रियाओं, अनुपालन एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया तथा व्यापारियों की जिज्ञासाओं एवं व्यावहारिक समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चार प्रमुख स्तंभों - जानकारी, जागरूकता, मार्गदर्शन और समाधान - पर केंद्रित रहा।

## मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग के दौरान 142685 रुपये का राजस्व प्राप्त

**रायपुर, 3 सितंबर।** यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से 01 सितम्बर, 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के स्टेशनों एवं ट्रेनों में रेलवे मजिस्ट्रेट मयंक सोनी के साथ में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह के साथ में उप मुख्य टिकट निरीक्षक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक (टिकट चेकिंग), 13 टिकट चेकिंग स्टाफ 04 रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं 06 जीआरपी स्टाफशामिल थे।



यह चेकिंग अभियान 05 ट्रेनों में एवं रायपुर- भाटापारा सेक्शन में चलाया गया। इस मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान में कुल 250 मामलों से 142685/- रुपये बतौर जुर्माना राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें बिना टिकट के 109 मामलों से 90500/- रूपये एवं अनियमित टिकट के 65 मामलों से 42685/- रुपए अनबुक्ड लगेज के 75 मामलों से 8500/- रुपए, गंदगी फैलाने वाले 01 मामले से 1000/- रूपये राजस्व प्राप्त हुआ।

रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर में प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफसुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

**पहल** छत्तीसगढ़ भ्रमण के लिए पर्यटकों को जोड़ने पर जोर

# चेन्नई रोड शो में टूर ऑपरेटर्स से सीधा संवाद

**रायपुर, 3 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के पर्यटन को दक्षिण भारत के प्रमुख पर्यटन बाजार से जोड़ने और राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की दिशा में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने चेन्नई में ÷छत्तीसगढ़ टूरिज्म रोड शो÷ का भव्य आयोजन किया। फिक्की के सहयोग से आयोजित इस रोड शो में चेन्नई के 130 से अधिक ट्रैवल एजेंट एवं टूर ऑपरेटरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकों में छत्तीसगढ़ और चेन्नई के पर्यटन व्यवसायियों के बीच सार्थक संवाद हुआ, जिससे भविष्य में पर्यटक समूहों को छत्तीसगढ़ भ्रमण पर भेजने तथा कारोबारी साझेदारी बढ़ाने की संभावनाएं मजबूत हुईं।




**दक्षिण भारत के पर्यटन बाजार से छत्तीसगढ़ को जोड़ने की पहल :** चेन्नई में आयोजित यह रोड शो छत्तीसगढ़ को दक्षिण भारत के प्रमुख पर्यटन बाजारों से जोड़ने की रणनीतिक पहल के रूप में सामने आया। रोड शो में छत्तीसगढ़ के पर्यटन उत्पादों, प्रमुख पर्यटन स्थलों और निवेश की संभावनाओं को चेन्नई के पर्यटन व्यवसायियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। क्व2क्वबैठकों के माध्यम से दोनों राज्यों के स्टेकहोल्डर्स को सीधे संवाद और संभावित व्यावसायिक सहयोग का अवसर मिला। कार्यक्रम में हुई चर्चा में पर्यटन व्यवसायियों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उनके संबोधन ने चेन्नई के पर्यटन व्यवसायियों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन से जोड़ने और राज्य की पर्यटन संभावनाओं के प्रति प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पर्यटन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन तथा छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक सौमिल रंजन चौबे भी उपस्थित रहे। चौबे ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों, पर्यटन उत्पादों तथा राज्य में उपलब्ध निवेश संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

### तमिल भाषा में पहली बार छग पर्यटन का प्रस्तुतीकरण

छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों और संभावनाओं को पहली बार तमिल भाषा में स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के समक्ष प्रस्तुत किया जाना। इस पहल ने चेन्नई के पर्यटन व्यवसायियों और स्थानीय पर्यटकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने अपने संबोधन में तमिल और अंग्रेजी भाषा में छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं विरासत संपदा की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने राज्य की पर्यटन संपदा को देश के प्रमुख पर्यटन बाजारों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

## इस्कान मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ

**रायपुर, 3 सितम्बर।** इस्कॉन मंदिर टाटीबंध (श्री श्री राधारास बिहारी जी का मंदिर) में 3 सितम्बर से 5 सितम्बर तक तीन दिवसीय जन्माष्टमी महा-महोत्सव का भव्य शुभारंभ 3 सितम्बर को सुबह 9:00 बजे इस्कॉन मंदिर टाटीबंध, रायपुर के अध्यक्ष एच.एच. सिद्धार्थ स्वामी एवं फेस्टीवल कमेटी के चेयरमेन राजेश अग्रवाल और वाइस चेयरमेन श्री शुभम सिंघल के द्वारा किया जायेगा। इस्कॉन मंदिर रायपुर के मीडिया प्रभारी श्री दिलीप केडिया एवं राजेन्द्र पारख ने बताया कि 3 दिवसीय जन्माष्टमी महामहोत्सव 2026 की पूरी तैयारियां हो चुकी है, गत वर्ष की अपार सफलता को देखते हुए इस वर्ष भी विशालकाय डोम लगभग 25000 वर्गफुट में बनाया गया है। राधारानी के पोषाक एवं आभूषण मुंबई और वृंदावन से मंगाये गये है, पूरे मंदिर प्रांगण को सजाने के लिए फूल कलकत्ता और बेंगलोर से मंगाये गये है।

बाल महोत्सव कार्यक्रम की संयोजिका कृष्णराधिका सखी देवी दासी, जया देवी दासी एवं हरिप्रिया देवीदासी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव 2026 पर इस्कॉन रायपुर में निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। बाल महोत्सव के अंतर्गत 3 सितंबर 2026 को भव्य भक्ति चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 25 वर्ष तक के प्रतिभागी तीन अलग-अलग आयु वर्गों में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता सब-जूनियर (5 से 10 वर्ष), जूनियर (11 से 17 वर्ष) तथा सीनियर (18 से 25 वर्ष) श्रेणियों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक आयु वर्ग के लिए अलग-अलग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विषय निर्धारित किए गए हैं। सब-जूनियर (5-10 वर्ष) के लिए विषय हैंकृ बाल कृष्ण की माखन लीला, श्रीकृष्ण और उनके ग्वाल-बाल, यशोदा मैया और बाल कृष्ण, राधा-कृष्ण का झूला,गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण तथा मेरा सुंदर वृंदावन। जूनियर (11-17 वर्ष) के लिए श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला, श्रीकृष्ण और अर्जुन भगवद्गीता का संदेश, श्रीकृष्ण की गौ-सेवा, इस्कॉन संकीर्तन, श्रीकृष्ण प्रकृति के संरक्षक, और श्रीकृष्ण तथा भक्ति में शक्ति विषय रखे गए हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26